संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -166 गुरुवार, 18 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पहले चरण के मतदान हेतु थमा शोरगुल

## लोकसभा चुनावः पहले चरण में 102 सीटों पर मतदान के लिए चुनाव प्रचार खत्म






**नई दिल्ली,17 अप्रैल 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। इसके लिए 102 सीटों पर चुनाव प्रचार बुधवार शाम समाप्त हो गया। पहले चरण में जिन महत्वपूर्ण सीटों पर चुनाव होने जा रहा है उनमें नागपुर, कन्या कुमारी, चेन्नई सेंट्रल, मुज्जफनगर, सहारनपुर, कैराना, पीलीभीत, डिबरुगढ़, जोरहट, जयपुर, छिंदवाड़ा, जमुई, बस्तर, नैनीताल व लक्षद्वीप आदि शामिल हैं। 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे यह चुनाव सात चरणों में संपन्न होने हैं। पहले चरण में जहां मतदान होना है, उनमें असम की काजीरंगा, सोनितपुर, लखीमपुर, डिब्रूगढ़ और जोरहाट सीटें शामिल हैं। इसके अलावा 19 अप्रैल को ही त्रिपुरा पश्चिम सीट पर भी चुनाव होना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को असम और त्रिपुरा के चुनावी रण में हुंकार भरते नजर आए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सुबह असम के नलबाड़ी में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वह त्रिपुरा के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री ने दोपहर को त्रिपुरा के अगरतला में चुनावी जनसभा को संबोधित कर जनता से समर्थन की अपील की। वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार सुबह सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ गाजियाबाद में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसके बाद वह कर्नाटक में अपनी पार्टी के प्रचार के लिए गए। पहले चरण में जो मुख्य चेहर मैदान में है उनमें नागपुर से नितिन गडकरी, उत्तर प्रदेश के पीलीभीत से जितिन प्रसाद, तमिलनाडु से कार्ति चिदंबरम, तमिलनाडु के कोयंबटूर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई, चेन्नई सेंट्रल से दयानिधि मारन व छिंदवाड़ा से नकुलनाथ शामिल हैं।

### मतदान का पहला चरण 19 अप्रैल को...

चुनाव आयोग के मुताबिक मतदान का पहला चरण जहां 19 अप्रैल से शुरू हो रहा है, वहीं आखिरी व सातवां चरण 1 जून को संपन्न होगा। 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कई महत्वपूर्ण सीटों पर मतदान होने जा रहा है। इनमें तमिलनाडु की सभी 39 सीटें हैं। इनमें कन्याकुमारी, चेन्नई ईस्ट,चेन्नई साउथ,चेन्नई सेंट्रल, तिरुवल्लुर.श्रीपेरंबदूर,अरणी,विलुप्पुरम,कल्लाकुरिची,सलेम, नामक्कल,इरोड तिरुप्पुर,नीलगिरी,कोयंबटूर,पोलाची,डिंडीगुल,करूर, तिरुचिरापल्ली,पेरम्बलुर,कांचीपुरम,अरक्कोणम,वेल्लोर, कृष्णागिरी,धर्मपुरी, तिरुवन्नामलाई,शिवगंगा,मदुरै,थेनी,विरुधुनगर,रामनाथपुरम,कुड्डालोर, चिदम्बरम,मयिलादुथुराई,नागपट्टिनम,तंजावुर,थूथुक्कुडी,तेनकासी व तिरुनेलवेली शामिल हैं. पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मुज्जफनगर, सहारनपुर, कैराना, बिजनौर,नगीना, मुरादाबाद,पीलीभीत और रामपुर सीटों पर भी पहले चरण में चुनाव होने जा रहा है।

### कई दिग्गजों की साख दांव पर

राजस्थान के जयपुर,जयपुर ग्रामीण,भरतपुर,करौली-धौलपुर, गंगानगर,बीकानेर,चूरू, झुंझुनू,सीकर,अलवर,दौसा और नागौर में प्रथम चरण में ही मतदान हैं। वहीं मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, शहडोल, सीधी,मंडला,बालाघाट और जबलपुर में भी प्रथम चरण में वोट डाले जाने हैं। बिहार की बात करें तो यहां औरंगाबाद, गया,नवादा और जमुई में 19 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं। महाराष्ट्र में नागपुर, गढ़चिरौली चिमूर,भंडारा-गोंदिया चंद्रपुर और रामटेक पर वोट डाले जाने हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की बस्तर,जम्मू कश्मीर की उधमपुर,अरुणाचल प्रदेश की अरुणाचल पश्चिम और अरुणाचल पूर्व, मेघालय की शिलांग तुरा में वोट डाले जाएंगे। मणिपुर, मिजोरम, पुडुचेरी, सिक्किम, नागालैंड, अंडमान और निकोबार पश्चिम,बंगाल की कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में भी शुक्रवार को मतदान होना है।



# रामलला का हुआ सूर्याभिषेक

- रामलला के सूर्य तिलक के समय पीएम मोदी कर रहे थे यह खास काम,जूते उतारकर देखा अद्भुत नजारा
- पीएम मोदी ने जूते उतारकर भगवान राम के दर्शन किए
- करोड़ों भारतीयों की तरह मेरे लिए भी ये बेहद भावुक पल

**नलबाड़ी,17 अप्रैल 2024 (ए)।** रामनवमी के दिन प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। अयोध्या में रामलला के ललाट पर विशेष यंत्र द्वारा सूर्य तिलक किया गया। सूर्य की किरणें जैसे ही रामलला के ललाट पर पड़ी उनका ललाट जगमग हो उठा। लोगों ने इंटरनेट और टेलीविजन के जरिए भगवान राम के सूर्याभिषेक को देखा।

जब भगवान राम का सूर्य तिलक किया जा रहा था तो उस समय पीएम मोदी असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनता को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी ने भगवान राम के सूर्याभिषेक को टैबलेट पर देखा।

पीएम मोदी ने दो तस्वीरों भी शेयर किए। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उन्होंने जूते उतारकर भगवान राम के दर्शन किए।

### सूर्य तिलक हमारे जीवन में ऊर्जा लाए:पीएम मोदी

पीएम मोदी ने इस बात की जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा,अपनी नलबाड़ी रैली के बाद, मैंने राम लला पर सूर्य तिलक देखा। करोड़ों भारतीयों की तरह मेरे लिए भी ये बेहद भावुक पल है। अयोध्या में भव्य रामनवमी ऐतिहासिक है। यह सूर्य तिलक हमारे जीवन में ऊर्जा लाए और हमारे राष्ट्र को गौरव की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करे।



### 500 साल बाद अपने घर में जन्मदिन मना रहे भगवान रामः पीएम मोदी

नलबाड़ी में एक जनसभा में पीएम मोदी ने जय श्री राम का नारे लगाए। पीएम मोदी ने कहा कि प्रभु श्रीराम का सूर्य तिलक हो रहा है तो हमारे मोबाइल का किरण भेज रहे हैं। स्टेज पर मौजूद असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने भी अपनी मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट ऑन कर दिया था।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि 500 साल बाद ऐसा समय आया है जब भगवान राम अपने घर में बर्थडे मनाये।

### संक्षिप्त खबर

## रामचरण बोहरा को ई-मेल पर जान से मारने की धमकी



**जयपुर,17 अप्रैल 2024(ए)।** जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा को ई-मेल पर जान से मारने की धमकी दी गई है। सांसद के ऑफिशियल मेल पर लिखा है- दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे, तुम्हें वहीं जान से मार देंगे। जवाहर सर्किल थाने में सांसद बोहरा के निजी सहायक अरुण शर्मा ने एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस की स्पेशल टीम जांच कर रही है।

# पीएम मोदी भ्रष्टाचार के चैम्पियन

- 150 सीटों पर सिमटेगी भाजपा
- संयुक्त प्रेस कॉन्फेंस में बोले राहुल और अखिलेश



**नई दिल्ली,17 अप्रैल 2024(ए)।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आज समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण का चुनाव होने जा रहा है। इस बार बीजेपी को गाजियाबाद से गाजीपुर तक इंडिया गठबंधन सफाया करने जा रहा है। बीजेपी भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गया है। जो डबल इंजन सरकार का दावा कर रहे हैं, अब वह होर्डिंग में अकेले दिखाई दे रहे हैं। लूट और झूठ बीजेपी का नारा बन गया है। आने वाले चुनाव में देश की जनता बदलाव चाहती है।

अखिलेश यादव ने कहा, 'बीजेपी की हर बात झूठी निकली, उनके वादे झूठे निकले, ना किसान की आय दोगुनी हुई, ना नौजवानों को रोजगार मिला। विकास के जो सपने दिखाए थे वे भी अधूरे हैं। इनका जो नैतिकता का बुलबुला था वे भी टूट गया। चुनावी बॉन्ड ने इनका बैंड बजा दिया। राहुल गांधी ने कहा कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ बीजेपी और आरएसएस लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश रही है, दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन और कांग्रेस बचाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता ने बताया कि इस समय देश के चुनाव में तीन बड़े मुद्दे हैं। इसमें बेरोजगारी, महंगाई और भागेदारी शामिल है।राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, 'पीएम कितने भी सफाई दे दें, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। सबको पता है, पूरा देश जानता है कि पीएम भ्रष्टाचार के चैम्पियन हैं। बीजेपी 150 सीटों पर सिमट जाएगी। राहुल गांधी ने अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर न नहीं बोला है। उनका कहना है कि कांग्रेस जो कहेगी वो करेंगे।

पीएम मोदी के एक इंटरव्यू का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने इसमें चुनावी बॉन्ड को समझाने की कोशिश की। प्रधानमंत्री कहते हैं कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया। अगर ये सच है तो सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यवस्था को क्यों रद्द कर दिया और दूसरी बात अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते थे तो आपने भाजपा को पैसा देने वालों के नाम क्यों छुपाए। आपने उन तारीखों को क्यों छुपाया जिस दिन उन्होंने आपको पैसे दिए थे? यह दुनिया की सबसे बड़ी जबरन वसूली योजना है।




# कांग्रेस पर टिप्पणी कर बुरे फंसे केसीआर

### चुनाव आयोग ने आज तक मांगा जवाब

**नई दिल्ली,17 अप्रैल 2024(ए)।** चुनाव आयोग ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने पर भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है और जवाब मांगा है।चुनाव आयोग ने केसीआर को 5 अप्रैल को सिरसिला में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर नोटिस जारी किया है। आयोग ने उनसे 18 अप्रैल की सुबह 11 बजे तक टिप्पणी के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा है। कांग्रेस नेता जी निरंजन की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने कहा कि केसीआर ने 5 अप्रैल को सिरसिला में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस की आलोचना करते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया।आयोग ने सख्त लहजे में कहा है कि निर्धारित समय के भीतर केसीआर की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कुकीःजो समूहों ने जनजातियों से लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने किया आह्वान

**इम्फाल,17 अप्रैल 2024(ए)।** ग्यारह महीनों से जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर में कुकी नेशनल असेंबली ने एक बयान जारी कर कहा कि अगर भारत में पीड़ा सहना हमारा अधिकार माना जा रहा है, तो हम संसदीय चुनावों में भाग न लेने का विकल्प चुनते हैं। इससे पहले भी कई कुकी-जो समूह लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करने का आह्वान कर चुके हैं।मणिपुर में कुकी नेशनल असेंबली ने शनिवार (13 अप्रैल) को कांगपोकपी जिले में कथित तौर पर घाटी के एक सशस्त्र समूह द्वारा दो ग्रामीण वालंटियर्स की हत्या की निंदा की और कुकी-जो जनजातियों से अपील की कि वे जनजातियों के खिलाफ अत्याचार के विरोध में लोकसभा चुनाव में मतदान न करें।



# सड़क दुर्घटना में 10 लोगों की मौत



### एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में 10 लोगों ने गंवाई जान

**अहमदाबाद,17 अप्रैल 2024 (ए)।** गुजरात में बुधवार को भीषण हादसा घटित हुआ। अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर नडियाद के पास हुए इस भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रेलर के पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार उसमें जा घुसी, कार वडोदरा से अहमदाबाद जा रही थी। बताया जाता है कि सड़क हादसे के बाद अहमदाबाद वडोदरा एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया। यह कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी। हादसे की सूचना पाकर 108 की दो एंबुलेंसें मौके पर पहुंचीं और साथ ही एक्सप्रेस हाईवे पेट्रोलिंग पार्टी भी मौके पर पहुंच गया। इससे पहले अक्टूबर 2023 में गुजरात-राजस्थान बॉर्डर पर रतनपुर के पास भीषण सड़क हादसा हुआ था, जिसमें 9 लोगों की मौत की खबर सामने आई थी और 10 लोग घायल हुए थे।

# हेलीकॉप्टर का ब्यौरा मांगा निर्वाचन आयोग ने



**मुंबई।,17 अप्रैल 2024(ए)।** निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में इस्तेमाल किए जा रहे विमान और हेलीकॉप्टर का विवरण साझा करने का निर्देश दिया है।

# एकनाथ खडसे को दाऊद और छोटा शकील से मिली जान से मारने की धमकी



**जलगांव,17 अप्रैल 2024 (ए)।** राज्य के पूर्व विपक्ष नेता एकनाथ खडसे को जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी की वजह अभी सामने नहीं आई है। पुलिस से इसकी शिकायत दर्ज कराई गई। इस बावत पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एकनाथ खडसे को अब तक चार से पांच धमकी भरे कॉल आ चुके हैं। ये कॉल अलग-अलग नंबरों से आए हैं। एकनाथ खडसे ने अपनी शिकायत में कहा कि दाऊद और छोटा शकील गैंग ने उन्हें धमकी दी है। शिकायत में कहा गया है कि अलग-अलग देशों से धमकी दी गई। यह बात सामने आई है कि 15 और 16 अप्रैल को एकनाथ खडसे को अलग-अलग नंबरों से धमकी भरे कॉल आए। एकनाथ खड़से को कॉल करने वाले ने कहा, 'दाऊद और छोटा शकील तुम्हें मारना चाहते हैं।'

फोन करने वाले ने पहले फोन पर कहा, 'दाऊद और छोटा शकील तुम्हें मारने जा रहे हैं। एकनाथ खडसे ने इस धमकी को गंभीरता से नहीं लिया। तभी एक और फोन आया और उसने कहा, 'तुम्हें बताने के बाद भी तुमने कुछ नहीं किया। ये लोग तुम्हें मारने जा रहे हैं।' चार से पांच बार ऐसे कॉल आने के बाद एकनाथ खडसे ने मुकाताईनगर पुलिस स्टेशन में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई।

पहले आई धमकी में फोन करने वाले ने बताया कि वह अमेरिका से बोल रहा है। एक अन्य धमकी में फोन करने वाले ने उत्तर प्रदेश का नाम लिया। एकनाथ खडसे को आए धमकी भरे कॉल के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## संपादकीय

# आतंकवाद के प्रति सटीक और तत्काल निर्णय जरूरी

भारत सीमापार से होने वाले किसी भी आतंकवादी कृत्य का जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है।विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने यह प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्री शुक्रवार को यह भारत क्यों मायने रखता है। युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' विषय पर बोल रहे थे। 2008 में हुए मुंबई हमलों का जवाब देने को लेकर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी संप्रग सरकार पर निशाना साधने हुए उन्होंने कहा कि काफी चर्चा के बावजूद कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला। उन्होंने माना पाकिस्तान पर हमला करने की कीमत उस पर हमला न करने से अधिक होगी।2014 में आतंकवाद की शुरुआत नहीं हुई, यह मुंबई हमले के साथ नहीं हुई, बल्कि यह 1947 में हो चुकी थी। उन्होंने कश्मीर हमले को आतंकवादी कृत्य माना। शिवशंकर ने कहा कि वे गांव और शहर जला रहे थे, लोगों की नृशंस हत्या कर रहे थे। 2014 के बाद भारत की विदेश नीति में आए बदलावों को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस देश से संबंध बनाए रखना मुश्किल है, वह है पाकिस्तान है।पाकिस्तान समेत अन्य देशों में मारे गए आतंकवादियों के पीछे भारत का हाथ होने वाली ब्रिटिश अखबार गार्जियन' में छपी खबरों का भी उन्होंने तीव्र प्रतिकार करते हुए इन खबरों का तीव्र खंडन किया। ऐसा पहली बार नहीं है, जब विदेश मंत्री जयशंकर ने अपनी बात सख्ती से दोटूक अंदाज में रखी। विश्व पटल पर भारत की छवि मोदी सरकार ने लगातार बदली है। यह कहना कि आतंकवादी किसी नियम से नहीं चलते, उन्हें जवाब भी वैसे ही मुंहतोड़ तरीके दिया जाना चाहिए। राष्ट्रीय हितों का पालन करते हुए भारत दुनिया के तमाम देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने तथा मानवाधिकारों का सम्मान और बहुपक्षवाद पर केंद्रित रहता है। आज भारत के लिए हालात इतने साजगार हो चुके हैं कि तमाम चुनौतियों के बावजूद वैश्विक अगुवा बने रहने और दुनिया को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अपनी स्पष्ट राय रखने में भारत हिचकता नहीं। निस्संदेह हम उभरती हुई अर्थव्यवस्था हैं, इसलिए विदेशी निवेश, संयुक्त उद्यम और निर्यात के क्षेत्र में भारत की अर्थव्यवस्था प्रदर्शन बेहतर नजर आ रहा है।ऐसे में सीमापार से होने वाले आतंकवादी उपद्रव को लेकर यदि कड़ाई नहीं बरती जाती है तो न केवल भारत की छवि धूमिल होती है, बल्कि आतंकवाद के प्रति सटीक और तत्काल निर्णय न लेने के कारण देश की अखंडता और शांति भी खंडित होती है जिसे बनाए रखना सरकार की महती जिम्मेदारी है।

# अरुणाचल प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभाने में विफल रही कांग्रेस को क्या माफ किया जाना चाहिए ?

**राज्य में दशकों तक शासन करने वाली कांग्रेस की इस समय क्या स्थिति है...इसे इस बात से भी समझ सकते हैं कि 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद जिन 50 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जा रहा है...उसमें भी कांग्रेस ने सिर्फ 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये...**



कांग्रेस और विपक्ष के तमाम नेता दिल्ली में बैठ कर दावे करते हैं कि लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, देश में तानाशाही का माहौल बनाया जा रहा है और विपक्ष को जांच एजेंसियों का डर दिखाया जा रहा है। लेकिन जब आप राज्यों में जाकर देखेंगे तो पाएंगे कि विपक्ष अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभा रहा है। इस बात का सबसे सशक्त उदाहरण अरुणाचल प्रदेश है। अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव साथ ही हो रहे हैं। राज्य में लोकसभा की दो सीटें हैं जबकि विधानसभा की 60 सीटें हैं। इस चुनाव को लेकर विपक्ष कितना गंभीर है इसका अंदाजा आपको इस बात से ही लग जायेगा कि दस विधानसभा सीटें भाजपा चुनाव से पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है क्योंकि इन दस सीटों पर विपक्ष का कोई भी दल अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा कर सका।

राज्य में दशकों तक शासन करने वाली कांग्रेस की इस समय क्या स्थिति है इसे इस बात से भी समझ सकते हैं कि 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद जिन 50 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जा रहा है उसमें भी कांग्रेस ने सिर्फ 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं। यानि कांग्रेस राज्य की 60 में से सिर्फ 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसका मतलब यह है कि वह यह चुनाव जीतने के लिए या सरकार बनाने के लिए लड़ ही नहीं रही है। सवाल उठता है कि क्या यही है लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका? सवाल उठता है कि जो दल विपक्ष की भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पा रहा वह यदि सत्ता में आया तो क्या कर पायेगा? देखा जाये तो विपक्ष अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभाये तो लोकतंत्र को खतरा हो सकता है। इसलिए मतदाताओं को चाहिए कि कांग्रेस को मुख्य विपक्ष की भूमिका से भी कुछ समय के लिए बाहर कर किसी और दल को यह अवसर दें। आप विडंबना देखिये कि अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस ने जिन 19 उम्मीदवारों को उतारा है उसमें से 17 नये चेहरे हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस का टिकट लेने के लिए कोई पुराना नेता राजी ही नहीं था इसलिए नये चेहरों को आगे बढ़ाया गया है। संभवतः यही कारण है कि राहुल गांधी ने अरुणाचल प्रदेश में अपनी पार्टी का चुनाव प्रचार नहीं किया जबकि वह अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर इस साल के शुरू में अरुणाचल पहुँचे थे।चुनावों में जनता से किये जा रहे वादों की बात करें तो कांग्रेस एक ओर जहां तमाम तरह के न्यायों की गारंटी देने की बात कर रही है वहीं भाजपा ने विकसित भारत, विकसित अरुणाचल प्रदेश नामक संकल्प पत्र में तमाम वादे जनता से किये हैं। महिला सशक्तिकरण, राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण, युवाओं के लिए तमाम सहूलियतें, सरकार की जवाबदेही, राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई और कदम उठाने, राज्य की संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने, सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर आगे बढ़ते रहने, किसानों को आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाने और राज्य की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने जैसे कई प्रमुख वादे किये गये हैं जोकि जनता को भा रहे हैं। आप पूरे अरुणाचल प्रदेश में पाएंगे कि कांग्रेस चुनाव प्रचार से पूरी तरह गायब है जबकि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता गली-गली घूम रहे हैं। वैसे अरुणाचल प्रदेश की यह बात अच्छी लगी कि यहां राजनीतिक पार्टियां उत्तर भारत की तरह अनाप शनाप खर्चे नहीं करतीं। यहां लगातार बड़ी रैलियां आयोजित करने से बचा जाता है और लाउडस्पीकरों पर दिनभर अपने उम्मीदवार के लिए प्रचार करते चुनावी वाहनों से मचने वाले शोर भी नहीं सुनाई देते। यहां घर-घर संपर्क और सामाजिक रूप से होने वाले जन एकत्रिकरण के दौरान लोगों को अपने वादों और उपलब्धियों से अवगत कराया जाता है।अरुणाचल प्रदेश में उम्मीदवारों की बात करें तो 50 विधानसभा सीटों के लिए कुल 133 उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। पहले विधानसभा चुनावों की मतगणना लोकसभा चुनावों की मतगणना वाले दिन ही कराने का ऐलान किया गया था लेकिन राज्य विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने के चलते अब दो जून को ही पता चल जायेगा कि राज्य में किस पार्टी की सरकार बनेगी। हम आपको बता दें कि भाजपा के जिन 10 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की है उनमें मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल हैं। भाजपा यहां सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है इसलिए सवाल उठता है कि क्या बहुमत मिलने पर पेमा खांडू ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे या राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की तरह भाजपा यहां भी किसी नये चेहरे को आगे करेगी?विधानसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 50 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि विपक्षी कांग्रेस केवल 19 सीटों पर लड़ रही है। इसके अलावा, मेघालय स्थित एनपीपी ने 20 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं जबकि एनसीपी 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा, अरुणाचल डेमोक्रेटिक पार्टी ने चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) एक सीट से लड़ रही है। इसके अलावा 14 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। आंकड़ों के मुताबिक कुल 80 उम्मीदवार पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं।

-नीरज कुमार दुबे-

# श्री राम बन जाएंगे



**हेमेन्द्र क्षीरसागर, बालाघाट मध्यप्रदेश**



श्री राम विष्णु के अवतार हैं, व आदिपुरुष हैं, जो मानव मात्र की भलाई के लिए मानवीय रूप में इस धरा पर अवतरित हुए। मानव अस्तित्व की कठिनाइयों तथा कष्टों का उन्होंने स्वयं वरण किया ताकि सामाजिक व नैतिक मूल्यों का संरक्षण किया जा सके तथा दुष्टों को दंड दिया जा सके। भगवान राम ने विषम परिस्थितियों में भी स्थिति पर नियंत्रण रख सफलता प्राप्त की। उन्होंने हमेशा वेदों और मर्यादा का पालन किया। स्वयं के सुखों से समझौता कर उन्होंने न्याय और सत्य का साथ दिया। भगवान राम के गुणों की वजह से उनका जीवन सफल हुआ और वो राम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहलाएं।

सहनशीलता व धैर्य भगवान श्री राम का प्रमुख गुण है। अयोध्या का राजा होते हुए भी श्री राम ने संन्यासी की तरह ही अपना जीवन व्यापन किया। यह उनकी सहनशीलता को दर्शाता है। भगवान श्री राम काफी दयालु स्वभाव के रहें। उन्होंने दया कर सभी को अपनी छत्रछाया में लिया। उन्होंने सभी को आगे बढ़ कर नेतृत्व करने का अधिकार दिया। सुग्रीव को राज्य दिलाना उनके दयालु स्वभाव का ही प्रतिक है। हर जाति, हर वर्ग के व्यक्तियों के साथ भगवान राम ने मित्रता की। हर रिश्तें को श्री राम ने दिल से निभाया। केवट हो या सुग्रीव, निषादराज या विभीषण सभी मित्रों के लिए उन्होंने स्वयं कई बार संकट झेले।

भगवान श्री राम एक कुशल प्रबंधक थे। वो सभी को साथ लेकर चलने वाले थे। भगवान श्री राम के बेहतर नेतृत्व क्षमता की वजह से ही लंका जाने के लिए पत्थरों का सेतु बन पाया। भगवान श्री राम ने अपने सभी भाइयों के प्रति सगे भाई से बढ़कर त्याग और समर्पण का भाव रखा और स्नेह दिया। इसी कारण से भगवान श्री राम के वनवास जाते समय लक्ष्मण जी भी उनके साथ वन गए। यही नहीं भरत ने श्री राम की अनुपस्थिति में राजपाट मिलने के बावजूद भगवान राम के मूल्यों को ध्यान में रखकर सिंहासन पर रामजी की चरण पादुका रख जनता की सेवा की।

वनवास में सुन्दर स्त्री बाद में शूर्पणखा निकली। सोने का हिरन बाद में मारीच निकला। भिक्षा माँगने वाला साधू बाद में रावण निकला। लंका में तो निशाचार लगातार रूप ही बदलते दिखते थे। हर जगह भ्रम, हर जगह अविश्वास, हर जगह शंका लेकिन बावजूद इसके जब लंका में अशोक वाटिका के नीचे सीता माँ को रामनाम की मुद्रिका मिलती है तो वो उस पर विश्वास कर लेती हैं। वो मानती हैं और स्वीकार करती हैं कि इसे प्रभु श्री राम ने ही भेजा है।

जीवन में कई लोग आपको ठगेंगे, कई आपको निराश करेंगे, कई बार आप भी सम्पूर्ण परिस्थितियों पर संदेह करेंगे लेकिन इस पूरे माहौल में जब आप रुक कर पुनः किसी व्यक्ति, प्रकृति या अपने ऊपर विश्वास करेंगे तो श्री रामायण के पात्र बन जाएंगे। राम और माँ सीता केवल आपको विश्वास करना ही तो सिखाते हैं। माँ कठोर हुई लेकिन माँ से विश्वास नहीं छूटा, परिस्थितियाँ विषम हुई लेकिन उसके बेहतर होने का विश्वास नहीं छूटा, भाई-भाई का युद्ध देखा लेकिन अपने भाइयों से विश्वास नहीं छूटा, लक्ष्मण को मरणासन्न देखा लेकिन जीवन से विश्वास नहीं छूटा, सागर को विस्तृत देखा लेकिन अपने पुरुषार्थ से विश्वास नहीं छूटा, वानर और रीछ की सेना थी लेकिन विजय पर विश्वास नहीं छूटा और प्रेम को परीक्षा और वियोग में देखा लेकिन प्रेम से विश्वास नहीं छूटा।

भरत का विश्वास, विभीषण का विश्वास, शबरी का विश्वास, निषादराज का विश्वास, जामवंत का विश्वास, अहिल्या का विश्वास, कोशलपुर का विश्वास और इस विश्वास पर हमारा-आपका अगाध विश्वास। सच बात यही है कि जिस दिन आपने ये विश्वास कर लिया कि ये विश्व आपके पुरुषार्थ से ही खूबसूरत बनेगा। उसी दिन ही आप श्री राम बन जाएंगे और फिर लगभग सारी परिस्थितियाँ हनुमान बनकर आपको आगे बढ़ाने में लग जाएंगी। यहाँ हर किसी की रामायण है, आपकी भी होगी। जिसमें आपके सामने सब है -रावण, शंका, भ्रम, असफलता, दुःख। बस आपको अपनी तरफ विश्वास रखना है.. आपका राम तत्व खुद उभर कर आता जायेगा। सभी को अपने जीवन का संघर्ष स्वयं करना पड़ता है।

जय श्री राम!

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# विवाह विच्छेद और स्त्री



**मांडवी सिंह जी, रामकोला-कुशीनगर, उत्तर प्रदेश**

जब से होश संभाला तब से यही सुनते आई हूं की स्त्री की कोई जाति नहीं होती है। बड़े-बड़े विद्वान लोगों से सुना है की स्त्री का अस्तित्व उस बहते हुए जल के समान है जिसका कोई नाम नहीं है,पर जब वह किसी नदी और समुद्र में जाकर मिल जाती है तब उसका अस्तित्व जीवंत हो उठता है। उस नदी और समुद्र के साथ। अन्यथा उसका स्वयं कोई अस्तित्व नहीं है। क्या ये तथ्य लड़की का अस्तित्व। सामाजिक नियम के तहत एक स्त्री कठपुतली बन जीवन पर्यंत बायांग-दायांग होती रहती है।

पर इन सब सामाजिक नियम और संस्कार के तहत एक लड़की का अस्तित्व मिटता है और फिर बनता है। पर उन स्त्रियों का क्या जिनका विवाह-विच्छेद हो जाता है। मेरा प्रश्न यही है की जिन लड़कियों का विवाह विच्छेद हो जाता है यानी की तलाक हो जाता है फिर वह किस कुल परिवार किस गोत्र की मानी जानी चाहिए? फिर उन्हें किस कुल परिवार गोत्र का माना जाता है? पिता के कुल गोत्र का तो माना नहीं जा सकता है कोई नियम ही नहीं बनाए गए? जिन्हें बड़े धिक्कार और गिरे हुए नजरों के साथ समाज में देखा जाता है।

विवाह-विच्छेद वाली स्त्रियों को उनका पीहर भी अपनाने से इनकार कर देता है। ऐसा लगता है कि मानो वह लड़की अगर उनके कुल परिवार में अगर अब रहेगी तो उन्हें कोई छूत लग जाएगी। विवाह विच्छेद वाली स्त्रियों को किसी मांगलिक कार्यक्रम से भी दूर ही रखा जाता है लोगों को ऐसा लगता है कि कहीं ऐसी लड़कियों का साया मांगलिक कार्यक्रम में पड़ा तो कोई अनहोनी ना हो जाए।ऐसी स्त्रियों के लिए लिए वह समय एक विधवा के पीड़ा से भी



स्त्री के अस्तित्व के साथ न्याय करने के लिए उचित हैं? जब तक एक अविवाहित लड़की अपने पिता के साथ रहती है उसे अपने पिता के कुल,गोत्र के नाम से जाना जाता है।विवाहोपरांत वही लड़की अपने वर पक्ष यानी कि अपने पति के कुल नाम और गोत्र के साथ जानी जाने लगती है। यानी की जिन विद्वान जनों के मुंह से स्त्रियों के अस्तित्व के बखान को सुनते आयी हूं कि स्त्री का कोई अस्तित्व ही नहीं होता यह बातें एक लड़की के विवाह के बाद उसका कुल और गोत्र बदल जाने के बाद सत्य साबित हो जाती है।अगर एक क्षत्रिय कन्या ब्राह्मण लड़के से विवाह कर लेती है तो वह फिर क्षत्रिय ही नहीं रह जाती गोत्र तो छोड़िए उसकी जाति ही बदल जाती है, यानी कि वह अब क्षत्रिय से ब्राह्मण बन जाती है जबकि लड़का आज भी ब्राह्मण ही है।

इसी प्रकार स्त्रियों को लेकर एक और बातें होती हैं की कन्यादान महादान। यानी की एक कन्या का उसके माता-पिता विवाह के दौरान अपनी कन्या का दान कर देते हैं और महादान के भागी बन जाते हैं।यानी की कन्यादान करते ही उस लड़की को अपने माता-पिता के पास से हटा कर वर के बायांग बिठा दिया जाता है।कन्यादान के तत्क्षण बाद ही लड़की का उसके माता-पिता के कुल परिवार से अस्तित्व समाप्त हो जाता है,और मांग में सिंदूर पड़ते ही वर पक्ष के कुल परिवार के संग जुड़ जाता है, उस क्योंकि माता-पिता ने अपने कन्या का कन्यादान जो कर दिया है!कन्यादान करते ही उसका अपने पिता के कुल परिवार से अस्तित्व मिट चुका था और विवाह विच्छेद के बाद पति के कुल परिवार गोत्र से उसका संबंध मिट जाता है। तो फिर ऐसी स्त्रियां किस जाति की कहलानी चाहिए? किस गोत्र की कहलानी चाहिए? किस कुल की कहलानी चाहिए?

क्या विवाह-विच्छेद वाली स्त्रियां यानी कि तलाकशुदा स्त्रियों की कोई जाति नहीं होती? उनका कोई गोत्र नहीं होता? क्या तलाकशुदा स्त्रियां हमारे इस दकियानूसी नियम और समाज के तहत गुमनाम हो जाती हैं? या उनका अभी भी कोई अस्तित्व जीवंत अवस्था में है? और अगर उनका कोई अस्तित्व,जाति,गोत्र अगर जिंदा है तो वह क्या है? हमारे वर्ण व्यवस्था को चार भागों में बांटा गया है...ब्राह्मण, क्षत्रिय,वैश्य,शूद्र। यानी की सबसे निम्न स्थान यानी की अंतिम स्थान शूद्र को प्राप्त है। फिर अगर विवाह-विच्छेद वाली स्त्रियों के अस्तित्व के बारे में हमारे विद्वान जनों को पता ही नहीं उनके लिए कोई नियम ही नहीं बनाए गए सामाजिक विद्वानों द्वारा,तो फिर शुद्र को भी उच्च स्थान प्राप्त होना चाहिए और हमारी वर्ण व्यवस्था को चार के जगह पांच भागों में बांटा जाना चाहिए जहां पर अगर सबसे निम्न स्थान देना ही है, तो विवाह-विच्छेद वाली स्त्रियों को ही दिया जाए जिनके अस्तित्व के बारे में ज्यादा भयानक और गंभीर होता है।

ऐसे सामाजिक नियमों का क्या फायदा जो एक जिंदा लड़की को जिंदा लाश बना कर जीने के लिए जीवन पर्यंत विवश कर देता है। आज हमारे देश में महिला सशक्तिकरण,अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के अधिकार की बातें होती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं का सम्मान साल में एक दिन बखूबी बड़े-बड़े फोटो और टैग के साथ किया जाता है, पर हकीकत इन सब चीजों से बिल्कुल इतर है। अपने घर के अंदर पीड़ित महिला के संग अन्याय और घर से बाहर आकर महिला सशक्तिकरण की बातें यह दोगला चरित्र कभी भी महिला सशक्तिकरण और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मंशा को धरातल पर उतार नहीं पाएगा।

21वीं सदी के दौर में भी हमारे इस भारतीय आधुनिक समाज में विवाह-विच्छेद वाली स्त्रियां समाज के ताने-बाने से काफी ज्यादा पीड़ित है। अपने अस्तित्व को जिंदा रखने के लिए समाज से सामाजिक नियमों से आज भी उनकी लड़ाई उनका संघर्ष अनवरत जारी है। समाज से उनका एक ही प्रश्न है कि क्या वह अभी भी किसी कुल,जाति,गोत्र से संबंधित हैं या अब वह इन सब चीजों से विहीन हो गई है? तो फिर विवाह-विच्छेद वाली स्त्रियां कौन है क्या है उनका अस्तित्व?क्या हमारा समाज विवाह-विच्छेद वाली स्त्रियों को जीवित मानता भी है या नहीं? या विवाह विच्छेद के साथ ही हमारा समाज उस स्त्री का पिंडदान कर देता है? निश्चय ही इस विषय पर आत्म मंथन की आवश्यकता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## लघु कथा

# एक अंजाना सच्चा दोस्त



**मोनिका डागा आनंद, चेन्नई, तमिलनाडु**

सूरज अनाथ है, छोटी सी उम्र में ही उसके माता-पिता की किसी सड़क हादसे में मृत्यु हो जाती है । वह मुंबई में एक झोपड़पट्टी में अपनी दूर के चाचा के साथ रहता है । जब भी सूरज को अपने परिवार की याद आती है तब वो अकेले में ही अपना तानपुरा लेकर बजाने लगता है और अपने हृदय के दर्द को छुपाने की कोशिश करता है व कुछ पल के लिए पुरानी मीठी यादों में खो जाता है । पशु -पक्षियों के अंदर भावों को महसूस करने और समझने की विलक्षण शक्ति होती है । एक कौवा वहीं बस्ती में इधर-उधर उड़ता और सूरज का गीत सुनता था । धीरे-धीरे वह सूरज के आसपास आने लग गया और सूरज से उसकी भावों की मित्रता हो गई । अब जब भी सूरज अपना गीत आनंद से गुनगुनाता और तानपुरा बजाता है,यह कौवा हमेशा उसके पास आकर बैठ जाता और उसका दोस्त बन साथ निभाता व गुनगुनाता है । संगीत के साथ इस अनजाने दोस्त से सुरज की मित्रता गहरी हो गई और धीरे धीरे सूरज मां बाबा के खोने के दर्द से उबरने लगा। कौए से सूरज का जो लगाव था, उसने भावनात्मक स्तर पर सूरज को सहारा दिया।



पशु - पक्षी हमारी प्रकृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें पशु-पक्षियों की रक्षा के लिए अनन्य प्रयास करना चाहिए । बेसहारा पक्ष पशुओं की देखभाल के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए । इनकी भाषा हम समझ नहीं पाते, लेकिन यह हमारे भावों को बहुत जल्दी समझ जाते हैं और ईमानदारी के साथ अपना साथ निभाते हैं । हमें अपनी कमाई का कुछ प्रतिशत हिस्सा सशक्ति पशु पक्षियों की देखभाल के लिए अवश्य कर खर्च करना चाहिए । विशेषकर गर्मी के दिनों में तो हमें अपने घर के आस पास पशु-पक्षियों के लिए अन्न व जल की व्यवस्था करनी चाहिए ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## देखभाल



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला, घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)**


मैथ्स एम-एससी कम्पलीट हो गयी। ए वन ईयर कोर्स बी एड भी डन। एम फिल भी कर ली। साल भर का पी जी डी सी ए भी हो गया। कुछ सालों तक एक कान्वेंट स्कूल में टीचिंग करते हुए उसने प्राइवेट कॉलेज ज्वाइन कर लिया। पढ़ने-पढ़ाने में मंजरी को पता ही नहीं चला कि कब वह पैंतीस बरस की हो गयी। अपने माँ-बाप की दो बेटियों में वह बड़ी थी। अब तक अनमैरिड थी।

इसी बीच मंजरी की छोटी बहन दीपा की शादी हो गयी। एक दिन उसके हस्बैंड के दूर के ममेरे विधुर भाई का मंजरी के लिए रिश्ता आया। दोनों पक्षों की ओर से बात चली। तभी उस विधुर व्यक्ति ने अपनी बात रखते हुए कहा- मेरे दोनों बेटे दूसरे शहरों में सेट हो चुके हैं। एक बेटी है जो ससुराल चली गयी है। मैं एफ सी आई में एक अधिकारी पद पर हूँ। अक्सर मेरा घर से बाहर ही रहना होता है। घर में मेरे वृद्ध माँ-बाप ही रहते हैं। अब मैं अपने माता-पिता के लिए शादी करना चाहता हूँ। उनकी सेवा व देखभाल करनी होगी।÷ उस व्यक्ति की बातें पूरी होने के बाद सभी मंजरी को सुनना चाहते थे।

मंजरी अपनी बढ़ती उम्र से वाकीफ थी। उसके मन में सत्तर-पचहत्तर वर्ष को छूते माँ-बाप का ख्याल था। उसने बहुत संक्षिप्त में अपनी बात रखी- मैं किसी और के माता-पिता की देखभाल करने के लिए कहीं; और क्यों जाऊँ ? मैं अपने माता-पिता की सेवा करूँगी। अगर मेरी बात से किसी को ठेस पहुँची होगी, तो क्षमा चाहती हूँ। मंजरी की बातें सुन सभी निःशब्द हो गए।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मनुष्यता बनाए रखो



**संजय गोस्वामी, अनुशक्तिनगर, मुंबई**

कहते हैं धन गया तो मनुष्य का कुछ गया।
कहते हैं तन गया तो मनुष्य का जरा कुछ गया।।
और चरित्र गया तो मनुष्य का सब कुछ गया।
और ऐसे में मनोस्थिति ही बेकार हो गया,
और मनुष्य का अस्तित्व ही चला गया।।
देखो आज तो हर आदमी परेशान है।
सब कुछ जान कर भी अनजान हैं।।
जानते हैं समाधान सभी लोग फिर भी
जाने किस बात की उनको गुमान है।।
अब तो सब कुछ है सब लोगों के पास।
फिर भी अपने जीवन से हैं त्रास।
तन-मन-धन जीवन में कहीं शांति नहीं पास।
काम,क्रोध,लोभ मोह,अंधकार।
ये पांच बिंदु जीवन बर्बादी के सार।।
आहार,विहार, दिनचर्या में हाहाकार,
मनुष्य जीवन के हैं मानसिक भार।।
सब को खुश रहना है उठ जाओ भोर।
जरा देखो प्रकृति में अपने चारो ओर।।
जो भी मिला है आपको जीवन से सभी ओर,
धन्यवाद ज्ञापित कर दो ईश्वर की ओर।
नित्य एकाग्र मन से ध्यान लगाओ
बाहर की दुनियां से मन को हटाओ।।
भौतिक,सुख-सुविधाओं से दूर जाओ।
मन की शांति के लिए अच्छे काम करो व अच्छे लोगों के करीब
आओ व बुरे लोगों से दूर हो जाओ।!
अब तु ना यूँ मछली खाकर वीडियो बनवाना,
मछली को काटकर हेलीकाप्टर से घूमते हों.
माना हो आप इसके शौकीन लेकिन बुरा मत दिखायो.
बेचारे मछली को क्या मालूम कब था नवरात्र,
हर दिन है ईश्वर का दिन जो आपको भी ठेंगा दिखयेगा चुनाव के रिजल्ट के दिन ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## जरा सा...



**प्रीति चौधरी मनोरमा**

अगर इज़ाज़त हो मितवा की
करले यह मन प्यार ज़रा सा।
वो पढ़ ले जो मन की भाषा,
नयन करें इक़रार जरा सा।
आये तुम जीवन में ऐसे
जैसे आयीं हों घर रौनक।
इर्द-गिर्द मन घूमे तेरे,
बातें मेरी तुमसे तुम तक।।
तीर प्रेम का हो तरकश में,
हो इस दिल पर वार जरा सा।
कभी चाहती तुमको पा लूँ,
जनम जनम तक बनूँ तुम्हारी।
नग़मे चाहत के मैं गा लूँ,
तुम पर वारूँ चाहत सारी।
तुम तक आकर सिमट गया है
जीवन का विस्तार जरा सा।
रातों में तुम ख़्वाब सरीखे,
रहते हो पलकों के नीचे।
आँख मूँद कर चले कामना,
अनजानी राहों के पीछे।
लंबी लंबी बातें दिल की,
रातों का उपहार जरा सा।
लता लिपटती ज्यों दरख़्त से,
यूँ मन तुमसे लिपट गया है।
नहीं परे अब तुमसे सोचे,
मन तुमपर आ सिमट गया है।।
लफ़्ज़ बिखर कर मन कागज़ पर
व्यक्त करें आभार ज़रा सा।
कभी दूर जो जाऊँ तुमसे,
मन पागल होने लगता है।
पीड़ा के गहरे सागर में,
खुद ही खुद खोने लगता है।।
फ़ेवीक्विक से शायद मन ने,
जोड़ा मन से तार ज़रा सा।
नहीं रूठना प्यारे मुझसे,
थोड़े से जीवन के दिन हैं।
बिच्छू जैसे लगें काटने,
लम्हे जो गुज़रे तुम बिन हैं।।
थोड़ी सी हैं तन में साँसें,
जीवन का त्योहार ज़रा सा।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**







# धूमधाम से मनाया गया पुरूषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव

## मंदिर का पट खुलते ही दर्शन-पूजन के उमड़ पड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

– संवाददाता –
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव प्राचीन राम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। शहर के राम मंदिर में बुधवार की दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव भी शामिल हुए और पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारे से गूंजता रहा। रामनवमी पर वर्षों से परपंरागत ढंग से भगवान राम के जन्मोत्सव का आयोजन राम मंदिर में होता रहा है। बुधवार को सुबह से ही महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई थी। भजन-कीर्तन के बीच भगवान राम सहित जानकी का विशेष श्रृंगार किया गया। पूजा से पहले परंपरा के अनुसार मंदिर के पट बंद कर दिए गए। दोपहर 12 बजे जैसे ही मंदिर के पट खोले गए। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। राम मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा महाआरती की गई। आरती के बाद बधाइयों का दौर शुरू हो गया। मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों ने एक दूसरे को बधाई देकर रामजन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। राम मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जन्मोत्सव कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जन्मोत्सव कार्यक्रम के बाद भक्तों द्वारा टॉफी बांटी गई। इस दौरान महिला मंडली द्वारा राम जन्मोत्सव गीत का भी आयोजन किया गया था। राम मंदिर में परपंरागत ढंग से दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इससे पूर्व मंदिर में पूजा अर्चना सुबह से ही शुरू हो गई थी। जन्मोत्सव कार्यक्रम से पूर्व भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में अखंड रामायण का भी आयोजन किया गया था। इधर देवी मंदिरों में नवरात्रि के समापन पर हवन-पूजन का कार्यक्रम दिन भर चलता रहा। इसी के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हुआ। इस मौके पर मंदिरों एवं घरों में कन्या भोज का आयोजन किया गया था। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी के अवसर पर बुधवार को नगर के दुर्गा मंदिरों, देवी धामों में जगत जननी की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। सरगुजा की अराध्य मां महामाया मंदिर अंबिकापुर में मंदिर में पूरे दिन पूजा का दौर चलता रहा। इस दौरान सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। महामाया मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मां की दर्शन के लिए लोगों ने कतार में खड़े होकर घंटों अपनी बारी का इंतजार करते रहे। नौ दिन तक व्रत रखने वाले भक्त नवमी के हवन-पूजन कर पूर्णाहुति हुई। इस दौरान महामाया मंदिर, समलाया मंदिर, मां दुर्गा शक्तिपीठ गांधी चौक, संत हरकेवल मंदिर, काली मंदिर, रघुनाथपुर मंदिर, शीतला मंदिर सहित शहर के सभी देवी मंदिरों में माता की आराधना करने श्रद्धालु पहुंचे।

# ओएलएक्स पर विज्ञापन देखकर खरीदने के बहाने मोबाइल लूटने वाला आरोपी इम्फाल से गिरफ्तार





– संवाददाता –
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

ओएलएक्स पर विज्ञापन देखकर उसे खरीदने के नाम पर लूटकर फरान होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 नग आईफोन, 1 नग डीएसएलआर कैमरा व 40 हजार रुपये नकदी बरामद किया है। आरोपी अंबिकापुर, बिलासपुर सहित कई राज्यों में घटना को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार देव गुप्ता सूरजपुर जिले का रहने वाला है और अंबिकापुर नमनाकला कार्मेल स्कूल के पास किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करता है। वह अपना पुराना मोबाइल आईफोन-15 बिक्री करने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन डाला था। 1 अज्ञात व्यक्ति ने आईफोन खरीदने की बात की और देव गुप्ता को मिलने के लिए शहर में बुलाया। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी का आईफोन व मोबइल वन प्लस मांगकर पिता को दिखाने और पांच मिनट में आने का झांसा देकर ले गया। इसके बाद वह वापस नहीं आया। देव गुप्ता ने मामले की रिपोर्ट 30 मार्च को कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। सायबर सेल की सहायता से पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मणिपुर इम्फाल रवाना हुई थी। जहां पुलिस ने घेराबंदी कर भीम राय उम्र 29 वर्ष निवासी सपही थाना ब्रम्हपुर जिला बक्सर बिहार को गिरफ्तार कर अंबिकापुर लाई है। पूछताछ ने बताया कि आरोपी काफी शातिर है। वह उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखण्ड, बिहार, छत्तीसगढ़ सहित अन्य जगहों से महंगे मोबाइल, कैमरा क्रय करने की बात बोलकर मौके से लेकर फरार हो जाता था। प्रार्थी से लूटा हुआ वन प्लस मोबाइल आरोपी किसी अन्य व्यक्ति से विक्रय करना बताया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी घटना से कुछ दिन पूर्व बिलासपुर से कैमरा बिक्रेता को विश्वास में लेकर मौके से फरार हो होकर अम्बिकापुर आया था। इसके बाद वह मण्णिपु इम्फाल चला गया था। आरोपी ऐसे मोबाइल व कैमरा धारकों की पहचान कर घटना कारित करता था जिसके पास उक्त सामान का बिल न हो ताकि वह रिपोर्ट दर्ज न करा सके। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से प्रार्थी का आईफोन सहित 10 नग आईफोन, 1 नग डीएसएलआर कैमरा व 40 हजार रुपए नकद कुल कीमत 12 लाख रुपए बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक शिशिरकान्त सिंह, अश्वनी दीवान, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक अनुज जायसवाल, मंटू गुप्ता, सुशांत यादव शामिल रहे।



# चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन शोभायात्रा निकालकर किया गया जवारा विसर्जन

– संवाददाता –
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन नवमी तिथि पर जवारा विसर्जन कार्यक्रम किया गया। नौ दिनों तक घर में रखे जवारों का विसर्जन मां महामाया मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान शहर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल हुए। रैली में शामिल भक्तों की आस्था ऐसी की देवी मां को खुश करने कोई अपने जीभ में तो कुछ भक्त अपने गाल में लोहे का त्रिशूल आर पार कर झूमते-नाचते मंदिर पहुंचे।

शहर के मायापुर चांदनी चौक के समीप देवी धाम में कई वर्षों से शारदीय व चैत्र नवरात्र में जवारा रखी जाती है। जहां शहर सहित आसपास के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। चैत्र नवरात्रि के नवमी के दिन बुधवार को बड़े ही धूमधाम से जवारा विसर्जन किया गया। इस दौरान शोभायात्रा मायापुर चांदनी चौक स्थित देवी धाम से निकाली गई। शोभायात्रा शहर के थाना चौक, महामाया चौक होते हुए महामाया मंदिर पहुंच कर विसर्जन किया गया। इस दौरान आस्था का विशेष रूप देखा गया। कई देवी भक्त अपने गाल व जीभ में लोहे का लम्बा त्रिशूल (बाना) छेद कर आर पार कर नाचते गाते दिखे।




# अनाथ आश्रम के दो नाबालिग बच्चे दुकान में चोरी करते पकड़ाए

– संवाददाता –
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के राघवपुरी में संचालित दुकानों में पिछले कई दिनों से चारी की घटनाएं हो रही है। इससे लोग काफी परेशान थे। चोरी की घटना को देखते हुए कई दुकान संचालकों ने अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरा भी लगाया। होली के समय सतीश सोनी के दुकान में चोरी हुई थी। इसके बाद वह अपने दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगाया है। बुधवार की रात को वह अपने मोबाइल में देखा तो उसे दुकान के पास कुछ संदिग्ध बच्चे दिखे। वह तत्काल अपने



भाई के साथ दुकान के पास पहुंचा। यहां पर दो नाबालिग बच्चे पाना, पेचकश व प्लास से दुकान के अल्बेस्टर शीट को काट रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों नाबालिग बच्चों को पकड़ा गया और सुबह आश्रम के जिम्मेदारों की घटना की जानकारी दी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने आश्रम के बाहर हंगामा भी मचाया। क्यों कि पिछले कुछ दिनों से चोरियां लगातार बढ़ी हुई थी और लोग परेशान थे। ग्रामीणों का आरोप है कि आश्रम के संचालकों की लापरवाही के चलते नाबालिग बच्चे गलत कदम उठा रहे हैं। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की।

# 1.50 लाख रुपए के नशीले इंजेक्शन के साथ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

– संवाददाता –
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

शहर के गाड़ाघाट रोड से कोतवाली पुलिस ने 495 नग नशीले इंजेक्शन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त नशीले इंजेक्शन की कीमत 1.50 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

16 अप्रैल को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की गाड़ाघाट रोड में बाइक सवार युवक झोला में नशीले इंजेक्शन रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदेही को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो सफेद रंग के झोले में 495 नग नशीले इंजेक्शन पाया गया। जिसकी कीमत 1.50 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने नशीले इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी माइनस कॉलोनी बिश्रामपुर निवासी सत्यनारायण कुमार जायसवाल को गिरफ्तार किया। आरोपी मूलतः नवीनगर औरंगाबाद बिहार का रहने वाला है और बिश्रामपुर में रहकर नशे का अवैध कारोबार करता है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक व मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक मनोज सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह, रिंकू गुप्ता, अमर सिंह, सपन मण्डल शामिल रहे।

# यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले 50 वाहन चालकों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चालन करने के मामले मे 04 प्रकरण दर्ज कर 2000/- रुपये समन सशुल्क किया गया वसूल**

– संवाददाता –
अंबिकापुर,17 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे कल दिनांक कों यातायात पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध पार्किंग, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चालन, वाहनो के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर पर सख्ती से कार्यवाही करते हुए कुल 65 प्रकरण दर्ज कर 58850/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

- **असवैधानिक पार्किंग के मामलो मे पुलिस टीम द्वारा कुल 17 प्रकरण मे कुल 7250/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल**
- **वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन से बात करने के मामले मे 02प्रकरण दर्ज कर 600/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल**
- **अन्य यातयात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों से कुल 11 प्रकरण दर्ज कर 16000/- रुपये समन शुल्क किया गया वसूल**



कार्यवाही के दौरान अवैध पार्किंग के मामलो मे पुलिस टीम द्वारा कुल 04 प्रकरण मे कुल 2400/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी वाहन चालन करने के मामले मे 11 प्रकरण दर्ज कर 5500/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, वाहन के सम्बन्ध मे आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर 13 प्रकरण मे 3900/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन से बात करने के मामले मे 03 प्रकरण दर्ज कर 900/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया एवं अन्य यातयात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 12 प्रकरण दर्ज कर 22550/- रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमो के पालन हेतु सख्ती से लगातार कार्यवाही जा रही हैं, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों से अपील करती हैं कि आमनागरिक यातायात के नियमो का पालन करें, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर हैं।

# भारतीय राजदूत ने यूक्रेन के इवानो फ्रैंकिव्सक शहर का किया दौरा,भारतीय छात्रों से की मुलाकात

**कीव,17 अप्रैल 2024।** यूक्रेन में भारत के राजदूत हर्ष जैन ने मंगलवार को यूक्रेन के इवानो फ्रैंकिव्सक शहर का दौरा किया। भारतीय राजदूत ने शहर की गवर्नर स्वितलाना ओनिस्चुक से भी मुलाकात की। भारतीय राजदूत शहर में रह रहे भारतीय छात्रों से भी मिले।



### भारतीय छात्रों से मिले राजदूत

भारतीय राजदूत हर्ष जैन ने इवानो फ्रैंकिव्सक नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी का भी दौरा किया और यूनिवर्सिटी के शीर्ष अधिकारी रोमन यातसिसिन से मुलाकात की। यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने भी सोशल मीडिया पर राजदूत के इस दौरे की जानकारी दी। बीते महीने ही यूक्रेन के विदेश मंत्री ने भारत का दौरा किया था। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की।

### बीते महीने यूक्रेन के विदेश मंत्री ने किया था भारत का दौरा

दोनों नेताओं की मुलाकात में क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बात हुई, जिनमें रूस-यूक्रेन युद्ध भी शामिल है। दोनों नेताओं की बातचीत में व्यापार, निवेश, विज्ञान, तकनीक, सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि मुद्दों पर भी बात हुई। दोनों देशों के बीच इस साल के आखिर में सातवीं अंतर सरकारी आयोग की बैठक भी प्रस्तावित है।

# गूगल दफ्तर में कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन...इस्राइली सेना और सरकार के साथ सभी संबंध तोड़ने का दबाव

**वाशिंगटन, 17 अप्रैल 2024।** इस्राइल और हमास के बीच छिड़ी जंग का असर गूगल दफ्तर में भी दिखाई दिया। दरअसल, गूगल के कई कर्मचारियों ने मंगलवार को कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क स्थित परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। वे गूगल और इस्राइली सरकार के साथ काम करने से खफा हैं। गूगल क्लाउड के सीईओ के ऑफिस में करीब आठ घंटे प्रदर्शन हुआ, बावजूद इसके जब वे नहीं हटे तो पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रदर्शन का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पूरे विरोध का मुख्य कारण प्रोजेक्ट निंबस है, जो 2021 में गूगल और इस्राइल सरकार के बीच हस्ताक्षर किया गया था। एआई अनुबंध प्रोजेक्ट की लागत एक अरब डॉलर है। मंगलवार को कर्मचारियों के एक समूह ने गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन के ऑफिस को घेर लिया। उन्होंने आठ घंटे तक लगातार प्रदर्शन किया था। उन्होंने अपने प्रदर्शन की लाइव स्ट्रीमिंग भी की। रात होते ही कंपनी के एक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि उन्हें प्रशासनिक छुट्टी पर भेज दिया गया है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से परिसर को खाली करने का अनुरोध किया। बावजूद इसके उन्होंने परिसर नहीं छोड़ा तो पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि गूगल इस्राइल और इस्राइली सेना के साथ अपने सभी संबंधों को तोड़ दे।

प्रदर्शनकारियों में शामिल इमान हसीम ने प्रोजेक्ट निंबस और इस्राइली सरकार के समर्थन की आलोचना की। हालांकि, उन्हें अपनी नौकरी खोने का डर जरूर है।

# कार से मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कार से मोबाइल चोरी करने के मामले में गांधीनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार रवि सोनकर दर्रीपारा का रहने वाला है। वह ड्राइवरी का काम करता है। रवि 17 मार्च को मनेन्द्रगढ़ रोड राजमोहनी भवन के पास किराए की कार को धुलवाकर खड़ा किया था। कार में उसका दो नग मोबाइल रखा हुआ था। कार चालक कार में ही कुछ देर के लिए सो गया था।



थोड़ी देर बाद उठकर देखा तो मोबाइल नहीं था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। वह मामले की रिपोर्ट 16 अप्रैल को गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुष्पेन्द्र गिरी उर्फ पुष्पेन्द्र सोनी निवासी भरतपुर राजस्थान हाल मुकाम घुटरापारा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोबाइल भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# इस यूरोपीय देश में 16 साल के किशोर भी करा सकेंगे लिंग परिवर्तन,संसद से पारित हुआ कानून

**स्टॉकहोम,17 अप्रैल 2024।** स्वीडन की संसद ने बुधवार को एक नए कानून को मंजूरी दे दी। इस कानून के तहत अब स्वीडन में कानूनी तौर पर लिंग परिवर्तन कराने की उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल कर दी गई है। हालांकि 18 साल से कम उम्र के युवाओं को लिंग परिवर्तन प्रक्रिया शुरू कराने से पहले अपने परिजनों, डॉक्टर और नेशनल बोर्ड ऑफ हेल्थ एंड वेलफेयर की मंजूरी लेनी होगी।



### दक्षिणपंथी पार्टियों ने किया विरोध

बुधवार को स्वीडन की संसद में इस कानून पर मतदान हुआ, जिसमें 234 सांसदों ने कानून के पक्ष में मतदान किया। वहीं 94 सांसदों ने इसका विरोध किया और 21 सांसद मतदान से अनुपस्थित रहे। स्वीडन की सरकार के उदारवादी नेता और पार्टियां इस कानून का समर्थन कर रही हैं। वहीं कुछ ईसाई डेमोक्रेट्स इसका विरोध कर रहे हैं। स्वीडन की दक्षिणपंथी पार्टी मानी जाने वाली स्वीडन डेमोक्रेट्स ने भी कानून का विरोध किया। ये पार्टी सरकार को समर्थन दे रही है, लेकिन सरकार का हिस्सा नहीं है।



# मतदान की प्रक्रिया से ही लोकतंत्र और राष्ट्र होता है मजबूत : डॉ. रिजवान

**पीजी कॉलेज द्वारा निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली**

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रिजवान उल्ला ने सभी छात्र-छात्राओं को मतदान दिवस मतदान करने के लिए प्रेरित किया और मतदाता शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदान करना हम सब की जिम्मेदारी है। हमें मतदान दिवस अवश्य मतदान करने जाना चाहिए और लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए और शत प्रतिशत मतदान होना चाहिए। मतदान की प्रक्रिया से ही लोकतंत्र और राष्ट्र मजबूत होता है। जागरुकता रैली महाविद्यालय से निकलकर मनेन्द्रगढ़ रोड, बनारस रोड होते हुए पुनः महाविद्यालय आकर समाप्त हुआ। जागरुकता रैली एवं शपथ ग्रहण के कार्यक्रम में महाविद्यालय के रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजीव कुमार, प्रो.शशिकला सोनमानी, डॉ.माधवेंद्र तिवारी, डॉ.अजय पाल सिंह एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी व स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# नीट कोचिंग में दिख रहा छात्र-छात्राओं का उत्साह

### समय-समय पर कलेक्टर स्वयं कोचिंग पहुंचकर ले रहे फीडबैक

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा जिले में शहर एवं ग्राम के प्रतिभावान बच्चों को नीट परीक्षा की तैयारी कराने कलेक्टर विलास भोस्कर की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा निशुल्क कोचिंग कक्षा का संचालन 28 मार्च से निरंतर चल रहा है। बच्चों का उत्साह अब नीट कोचिंग में दिखने लगा है।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय आवासीय निशुल्क नीट कोचिंग का संचालन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन अंबिकापुर में किया जा रहा है। कक्षा का संचालन निरंतर 38 दिवस तक होगा। कक्षा में अभी तक 164 बच्चे पंजीकृत हैं। प्रतिदिन इनमें भौतिक, रसायन, वनस्पति एवं जंतु विज्ञान की एक-एक घंटे की अवधि की कक्षा संचालित होती है। छात्र छात्राओं को निःशुल्क आवासीय व्यवस्था के साथ ही छात्रावास से पुलिस लाइन विद्यालय तक आने-जाने के लिए बस की व्यवस्था की गई है। बच्चों के अभ्यास के लिए बेहतर अध्ययन सामग्री और किताबें निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है।





समय-समय पर कलेक्टर सरगुजा स्वयं बच्चों से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित करते हैं, बच्चों के प्रश्न पूछ कर सही उत्तर देने पर उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। इसके साथ ही अन्य प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय शासकीय मेडिकल कॉलेज के नवनियुक्त रीडर्स एवं प्रोफेसर, पूर्व मेडिकल छात्र द्वारा तैयारी कर रहे बच्चों की मोटिवेशनल क्लासेस ली जाती हैं।

### जिले में चल रही उत्कर्ष क्लासेस

कलेक्टर सरगुजा के निर्देशन में पूरे जिले में 35 हायर सेकण्डरी विद्यालयों में गणित, भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान तथा हाई स्कुलों में गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी की पढाई उत्कर्ष कोचिंग के रूप में शुरू की गयी है। इन कोचिंग से सरगुजा के छात्र छात्राओं को आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं में मदद मिलेगी। उत्कर्ष की ये कक्षाएं पूरी गर्मी में सप्ताह में चार दिवस कोचिंग एवं पांचवें दिवस साप्ताहिक परीक्षा के साथ पूरी होगी।

इसी तरह सरगुजा जिले के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन के लिए कलेक्टर सरगुजा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में ई सेवाएं एवं करियर मार्गदर्शिका का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के प्रबंधन, विषय चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं के जानकारी के साथ पाठ्यक्रम, विभिन्न विषयों के साथ रोजगार के अवसर, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सुविधाएं, सरगुजा जिले के बच्चों को राज्य स्तर एवं राष्ट्र स्तर पर उपलब्ध टैलेंट हंट एवं अन्य छात्रवृत्तियों सम्बंधित परीक्षाओं की जानकारी का संकलन किया जा रहा है। इस मार्गदर्शिका में बारहवीं के बाद विदेशी भाषाओं को सीखने हेतु भी जानकारी संग्रहित की गई है ताकि सरगुजा के बच्चे अपना परचम विदेशों में भी लहरा सके।



**लोकसभा निर्वाचन 2024**

# मतदाता जागरूकता-मशाल रैली निकालकर सोनहत जनपद ने दी मिसाल

### » कलेक्टर लंगेह लगातार कर्मियों का बढ़ा रहे हैं हौसला अफजाई

**- संवाददाता -**
**कोरिया,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में युवा, महिला, दिव्यांग मतदाताओं ने जिस तरह से मतदाता जागरूकता का हिस्सा बन रहे हैं वह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए बहुत आवश्यक है।

इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत, सोनहत के ग्राम पंचायत पुसला, मेंड्रा व तंजारा के महिलाओं व युवाओं ने मशाल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मिसाल दी है।

जनपद पंचायत, सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह जगत ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन हेतु विगत दिनों मनरेगा में कार्यरत श्रमिकों व दिव्यांग मतदाताओं ने बड़ी संख्या में मतदान करने के सन्देश दिए और कल ग्रामीणों ने रात में मशाल रैली निकाल कर श्मतदान करबो-कराबोश् का भी शपथ लिया और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित भी किया।

### कलेक्टर बढ़ा रहे हैं कर्मियों का हौसला-अफजाई

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह का कहना है कि सभी कर्मचारी, अधिकारी अपने-अपने काम में निपुण होते हैं, उन्हें प्रोत्साहन की जरूरत होती है। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य टीम वर्क से ही संभव है, इसलिए वे लगातार सभी वर्गों के अधिकारियों, कर्मचारियों से बात करते, उनकी समस्याओं को सुनते हैं और समाधान भी करते हैं। बता दें कलेक्टर श्री लंगेह लगातार निर्वाचन कार्य में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों को जिम्मेदारी व सावधानी पूर्वक निर्वाचन कार्य संपन्न करने के लिए उनका हौसला-अफजाई बढ़ा रहे हैं।

# सूरजपुर के ग्राम बंजा में बैंड बाजा एवं नारे के साथ रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर के शिक्षक एवं छात्रों के द्वारा ग्राम बंजा में स्वीप कार्यक्रम के तहत् बैंड बाजा एवं नारे के साथ रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। ताकि लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदान हो सके। इसमें ग्राम पंचायत बंजा से कमला देवी सरपंच, नरेन्द्र कुशवाहा उप सरपंच, दुर्गा सिंह पूर्व सरपंच तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बंजा से डॉ. नायक चिकित्सा अधिकारी, शा0 उ0 मा0 विद्यालय बंजा के प्राचार्य, शिक्षक एंव बड़े संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित रहे। इनकी उपस्थिति में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार चौबे के द्वारा मतदान किये जाने हेतु शपथ ग्रहण कराया गया। लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु तथा अपने संपर्क में आने वाले माता, पिता, मित्र, रिश्तेदार एवं सभी लोगो को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया। क्योंकि लोकतंत्र की महानता तभी है जब शत प्रतिशत मतदान होगा। अतः व्यस्क मताधिकार का प्रयोग करने की प्रेरणा दी गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन अनंत प्रकाश राठौर पी.जी.टी. ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकलव्य विद्यालय के समस्त शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






**लोकसभा निर्वाचन 2024**

# एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्रों द्वारा मतदाता कर सकेंगे मतदान

**- संवाददाता -**
**कोरिया, 17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है।

कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक,श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक निःशक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

# क्या आज भी पूर्व डीपीएम का कब्जा है कोरिया के स्वास्थ्य विभाग में है बरकरार ?

## फाइलों से गायब किए जा रहे हैं दस्तावेज...कार्यालय की 4 में से एक चाभी पूर्व डीपीएम के पास:सूत्र








संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन घटती-घटना कोरिया-सरगुजा-समाचार अम्बिकापुर,शनिवार 02 मार्च 2024 6

राज्य सरकार ने जारी नहीं किया था डीपीएम का आदेश...कांग्रेस सरकार के आदेश का क्या हुआ?

राज्य सरकार ने जिला सलाहकार (आरएमएनसीएच प्लस ए) के पद को विलोपित कर कैसे बना दिया डीपीएम ?

### क्या सीएमएचओ और पूर्व डीपीएम जांच में खुद बचाने रच रहे हैं षड्यंत्र

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

इस समय सबसे बड़ा सवाल यह है की क्या कोरिया जिले में स्वास्थ्य विभाग में पूर्व डीपीएम का कब्जा बरकरार है? सुरजपुर स्थानांतरण होने बाद भी आये दिन वो कलेक्टर कोरिया से मिलने आते हुए कलेक्टर कार्यालय में देखे जा रहे है, तय है कि जानबूझकर जिला प्रशासन जांच को प्रभावित कर मामले को रफा दफा करने में जुटा हुआ है। वही सूत्र यह भी बता रहे है कि तमाम खरीदी की फाइलों से जरूरी दस्तावेजों को गायब किया जा रहा है। संभावना यह भी जताई जा रही है कि कई दस्तावेज गायब हो सकते हैं और ऐसा करने का समय कहीं ना कहीं संरक्षण देने वाले कलेक्टर का है या फिर संबंधित जांच अधिकारी का, दैनिक घटती घटना बड़ी प्रमुखता के साथ हर बार इस मामले की जानकारी खबर के माध्यम से संबंधित विभाग के मंत्री को दे रहा है पर इसके बावजूद भी जिम्मेदारों के कान में जू नहीं रेंग रही है अब इसे संरक्षण न कहे तो क्या कहें क्या कहे?

विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया के स्वास्थ्य विभाग में रात में काला पिला करने का काम जारी है, पहले इस कार्यालय की 11 चाभी हुआ करती थी, परंतु अब जब घटती घटना ने बताया था कि छुट्टी के दिन सीएमएचओ और पूर्व डीपीएम जबरन बनाये गए सहायक लेखापाल के साथ कमरो को अंदर से बन्द कर दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करने में जुटे है जिसके बाद नया ताला लगा दिया गया है जिसकी 4 चाभी है एक चाभी इस कार्यलय में मुख्य सूत्रधार राकेश सिंह के पास है दूसरी चाभी पूर्व डीपीएम जिनका स्थांतरण सुरजपुर हो गया है उसके पास है तीसरी चाभी सहायक लेखापाल जिसके साथ तमाम खरीदी में हुई अनियमितताओं को छुट्टी के दिन हेरफेर किया जा रहा है उसके पास है और एक चाभी भृत्य के पास दी गई है। सूत्र यह बता रहे है रात में 8 बजे के बाद पूर्व डीपीएम सुरजपुर कोरिया के स्वास्थ्य विभाग में पहुंच कर दस्तावेजो के साथ कलाकारी करने में जुटे हुए है ताकि तमाम जांच में उनका किया काला पीला दुरस्त हो सके। दैनिक घटती घटना इसकी पुष्टि नहीं करता पर केजांच की मांग जरूर करता है।


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन घटती-घटना सरगुजा-कोरिया-समाचार अम्बिकापुर, गुरूवार 15 फरवरी 2024 5

क्या सीएमएचओ के लिए उनके वाहन का नंबर प्लेट पीला होना उनके शान के खिलाफ?

खबर का हो रहा है असर

महीने में 30 दिन काम


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन घटती-घटना कोरिया-सरगुजा-समाचार अम्बिकापुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024 6

क्या कोरिया के पूर्व प्रभारी डीपीएम को स्वास्थ्य मंत्री व कलेक्टर का खुला संरक्षण?

#### चेम्बर अभी तक पूर्व डीपीएम के पास

विभागीय सूत्रों की माने तो कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ का पूरा खेल अब हर कोई जान चुके है। पूर्व डीपीएम के साथ मिलकर उन्होंने जो अनाप शनाप आदेश दिए है और तमाम खरीदी की है उसके सारे दस्तावेज अब तक पूर्व डीपीएम के पास ही है, सूत्र बताते है प्रमुख दस्तावेज अपने घर पर रखे हुए है कार्यालय में किसी को भी ऐसे दस्तावेजों की भनक तक नही होने दी जा रही है। वही अब तक पूर्व डीपीएम का चेम्बर उन्ही के पास है चेम्बर में नेमप्लेट भी अब तक लगी हुई है। पूरे खेल में सीएमएचओ की भूमिका बड़ी ही संदिग्ध बताई जा रही है। कमर्चारियों के सामने या और लोगो के सामने पूर्व डीपीएम को सीधे गाली देकर बात करते है, जबकि विभाग का हर काम बिना पूर्व डीपीएम की राय लिए एक कदम नही उठाते। कलेक्टर कार्यालय में कितने बजे मिलना है यह भी तय करके कार्यालय से वो निकलते है।

#### क्यों किया गया कार्यालय का सीसीटीवी बन्द ?

सीएमएचओ कोरिया द्वारा कार्यालय में लगे सभी सीसीटीवी बन्द करा दिया गया है ताकि किसी के आने जाने की जानकारी कैमरे में रिकॉर्ड न हो सके। जबकि पूर्व में पल पल की रिकॉर्डिंग इस कार्यालय में होती थी, रात में काम करने या आने जाने वालों की जानकारी किसी को न हो सके इसलिए सीसीटीवी बन्द करा दिया गया। सूत्रों की माने तो ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि जब मन चाहे आकर फाइलें निपटाई जा सकें और जिसका सबूत न मिल सके।

#### प्रभार नहीं दिया है अब तक

पूर्व डीपीएम ने अब तक नव पदस्थ डीपीएम को पूरा प्रभार नही दिया है। अभी वो उन दस्तावेजो में कलाकारी करने में जुटे है। यही कारण हैं कि एक चाभी पूर्व डीपीएम के पास है और सीएमएचओ ने सीसीटीवी बन्द करा दिया है। ताकि रात में कार्यालय में उसकी आवाजाही किसी को पता न चल सके।

#### फाइलों से गायब करा रहे दस्तावेज

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के निर्देश पर हो रही जांच में प्रमुख जांच अधिकारी के निर्देश पर खरीदी की फाइलों से मुख्य दस्तावेज गायब करा दिए जा रहे है,हर फ़ाइल से एक दो दस्तावेज गायब हो चुके है। पूरी जांच को रफादफा करने में जिला प्रशासन का पूरा साथ मिलता दिख रहा है क्योंकि आये दिन पूर्व डीपीएम कलेक्टर से मिलने कलेक्टर कार्यालय में देखा जा रहा है।

# उत्साह के साथ मनाई गई रामनवमी...

## जन्मोत्सव की झांकी का दर्शन करने उमड़ा जनसमूह...जिले भर में रही पर्व की धूम



- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

राम जन्मोंत्सव व रामनवमी के मौके पर बुधवार को ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में उत्साह पूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व मनाया गया। इस दौरान श्री राम मंदिर, श्री हनुमान मंदिर, दुर्गा धाम आदि में राम जन्मोंत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्री राम मंदिर के महंत पं. ओम नारायण द्विवेदी ने भगवान के बाल रूप का अभिषेक कर पूजन कार्यक्रम सम्पन्न करवाया.सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालु जमा होने लगे थे. जैसे ही दोपहर के 12:00 बजे समूचा मंदिर परिसर भगवान श्री राम के जयकारों से गूंज उठा, भगवान के पट खुलते ही सभी ने भगवान की नयनाभिराम झांकी के दर्शन किये.इसके अलावे चैती नवरात्र के नौवें दिन श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री की भक्तिभाव से पूजा अर्चना की। इस दौरान जिले में कई स्थानों में भव्य मेले का भी आयोजन किया गया। इधर रामनवमी को लेकर उत्सवी माहौल बना रहा। श्री राम के जयकारे से क्षेत्र का माहौल गुंजायमान होता रहा। वहीं केसरिया वस्त्र के साथ युवा वर्ग व श्रद्धालु पूर्णतया भक्ति भाव लीन रहे। जगह जगह हो रहे भक्ति जागरण, रामचरित मानस पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, अष्टयाम संकीर्तन आदि धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन के बीच बुधवार को शांति व सौहार्द के वातावरण में रामनवमी पर्व सम्पन्न हुआ।

रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को प्रखंड क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में व्यवसायियों द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की साफ सफाई तो कई दिन पूर्व से ही शुरू थी। व्यवसायियों के द्वारा प्रतिष्ठान को फूलों से सजाया गया। व्यवसायियों द्वारा प्रतिष्ठान में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही प्रतिष्ठान का लेखा जोखा बही की भी शुरुआत की गई। वहीं पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक शिव मंदिर , काली मंदिर , बाबा सिद्ध नाथ धाम शिव मंदिर समेत सार्वजनिक दुर्गा मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ अहले सुबह से ही लगी रही । इधर चैत्र नवरात्र के नवमी को लेकर भी शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की जयकारे से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रामनवमी पर्व को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न करने को लेकर पुलिस वाहन से गश्त लगाती रही।इस अवसर पर पं. राम चरित द्विवेदी, अधि. आशीष सिंह, दिनेश्वर मिश्रा, हरीश गुप्ता,बिट्टू अग्रवाल, समेत नगर के गणमान्य जन काफी संख्या में मौजूद रहे।

# आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का 19 को आरपी नगर के श्री शिव औषधालय में होगा आयोजन




- संवाददाता -
कोरबा,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय परम पूज्य पंडित विद्याधर शर्मा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति एवं शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में श्री शिव औषधालय एमआईजी 20 आरपी नगर फेस 2 में दिनांक 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक शिविर होगी आयोजित । जिसमे आँख, नाक, कान, गला, दंतरोग, चर्मरोग, गुदरोग, शिशुरोग, स्त्रीरोग, वातरोग, श्वास रोग आदि सभी प्रकार के रोगों का निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार आयुर्वेद के सभी विभागों के अनुभवी चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा । इस शिविर में बीएमडी मशीन द्वारा अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) जिसका बाहर मूल्य 2000/- है को निशुल्क जांच दिल्ली के टैक्नीशियन द्वारा की जायेगी साथ ही शिविर में मरीजों की रक्त शर्करा तथा हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क होगी एवं आंखों की जांच निशुल्क कर चश्मे का नंबर का कार्ड बनाकर दिया जायेगा ।

इस शिविर में यौन संक्रमित, यौन संचारित ,टी.बी.से सम्बंधित रोगों की भी जांच परामर्श एवं उपचार एड्स काउंसलर तथा उनकी टीम द्वारा किया जायेगा एवं आवश्यकतानुसार शिविर मे निशुल्क औषधि देने, परामर्श एवं उपचार के साथ स्वास्थ्य पुस्तिका निशुल्क दी जायेगी । मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के कार्यकारिणी सदस्य एवं संस्थान के प्रमुख चिकित्सक डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने कोरबा प्रेस क्लब के तिलक भवन में प्रेस वार्ता लेकर शिविर के विषय में जानकारी दी।

# क्या भाजपा जिलाध्यक्ष के रिश्तेदार को मिली अतिक्रमण करने की छूट ?

## कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष के रिश्तेदार पर लगा नदी पर कब्जा करने का आरोप

- » जिलाध्यक्ष के रिश्तेदार ने ग्राम की जीवनदायिनी नदी को पाट कर बनाया खेत, किया अवैध कब्जा
- » साथ ही गोचर भूमि,शमशान और ग्रामीणों के निस्तार की शासकीय भूमि पर जबरन निर्माण क्यों ?
- » कब्जाधारी तथाकथित भाजपाई एवं भाजपा जिलाध्यक्ष का रिश्तेदार की दिखी दबंगई...मनरेगा के तहत समतलीकरण एवं डबरी निर्माण का कार्य हुआ जेसीबी से...
- » ग्रामीणों ने की शिकायत और जताया गांव में शांति भंग होने का अंदेशा
- » क्या भाजपा की सरकार आते ही तथाकथित भाजपाई उतरे मनमानी पर, कोरिया में जिलाध्यक्ष के करीबियों की मनमानी चरम पर...
- » शिकायतकर्ताओं में रजवार समाज के लोग सबसे ज्यादा, उन्ही के निस्तार की भूमि और शमशान पर हुआ अवैध कब्जा क्या रजवार विधायक लेंगे संज्ञान ?







» अवैध कब्जाधारी पंचायत में पंच के पद पर है आसीन, भाजपा जिलाध्यक्ष के धौंस से मनमानी पर है उतारू...

**- रवि सिंह -**
**बैकुण्ठपुर,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

मामला कोरिया जिले के बैकुंठपुर जनपद के ग्राम पंचायत छिंदिया का है। जहां पर पंचायत में पंच पद पर आसीन तथाकथित भाजपाई और भाजपा जिलाध्यक्ष के रिश्तेदार पर ग्रामीणों ने बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। एसडीएम को सौंपे गए शिकायत पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है, कि उक्त व्यक्ति द्वारा गांव की जीवनदायनी नदी को पाट कर खेत बना लिया गया है। साथ ही गोचर की भूमि, शमशान की भूमि और ग्रामीणों के निस्तार की भूमि पर जेसीबी द्वारा कार्य करा कर अवैध रूप से शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए शिकायत पत्र में ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच, उप सरपंच के अलावा जनपद उपाध्यक्ष का भी हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन है, जिसमें स्पष्ट लिखा गया है कि यदि समय रहते उचित कार्यवाही कर अवैध कब्जे को जल्दी खाली नहीं कराया गया तो गांव में शांति भंग की संभावना है। एसडीएम को सौंपे गये शिकायत पत्र में शांति भंग की संभावना का उल्लेख किए जाने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मामला गंभीर है। और यदि शासन प्रशासन समय रहते ही उक्त मामले पर यदि संज्ञान नहीं लेती तो आने वाले समय में गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। ग्रामीणों द्वारा सौंपे शिकायत पत्र में और दैनिक घटती-घटना को उपलब्ध फोटो, वीडियो में समानता नजर आ रही है, और यह स्पष्ट देखा जा सकता है कि नदी पर एक ओर से मिट्टी की भराई की गई है, साथ ही शिकायत पत्र के अनुसार विगत कई पीढियां से जिस भूमि पर रजवार समाज शमशान का उपयोग करते आए हैं, उस भूमि पर भी अवैध कब्जा कर लिया गया है। और जिस शासकीय भूमि पर ग्रामीण अपने पशुओं के लिए चारागाह का उपयोग करते आ रहे हैं, ग्रामीणों के अनुसार उस भूमि पर भी मिट्टी भराई कर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

### क्या भाजपा की सरकार आते ही तथाकथित भाजपाई उतरे मनमानी पर...कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष के करीबियों की मनमानी...

जीरो टॉलरेंस के नीति की बात करने वाली और भ्रष्टाचार से अपने आप को पाक साफ बताने वाली भारतीय जनता पार्टी ने विगत 5 वर्ष के छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार का खूब ढोल पीटा और अपनी सरकार बनने पर भ्रष्टाचार मुक्त, भय मुक्त राज्य का दावा किया। परंतु जिन मुद्दों पर चुनाव तक भारतीय जनता पार्टी और उनके नुमाइंदों ने कांग्रेस सरकार और उनके कार्यकर्ताओं को घेर रखा था, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही वही बानगी देखने को मिल रही है, जो इसके पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में देखने सुनने को मिली थी। जिन अवैध कार्यों का भारतीय जनता पार्टी और उनके कार्यकर्ता लगातार विरोध करते आ रहे थे, आज उन्हीं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हीं अवैध कार्यों को खुले आम संचालित किया जा रहा है। और भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के जीरो टॉलरेंस की नीति को चुनौती मिलती दिख रही है। बात कोरिया जिला की करें तो यहां भाजपा जिला अध्यक्ष के करीबी, उनके रिश्तेदार एवं उनसे जुड़े लोगों की मनमानी चरम पर है, और जिला अध्यक्ष के पद का धौंस दिखाकर उनके करीबियों ने भाजपा की रीति नीति से अलग अवैध कार्यों को लगातार बढ़ावा दिया है। उपरोक्त पूरे मामले में ग्रामीणों द्वारा एसडीम को सौंपे शिकायत पत्र से यह बात परिलक्षित भी होती है, और शिकायतकर्ताओं ने दैनिक घटती-घटना संवाददाता से इस बात का जिक्र भी किया कि अवैध कब्जाधारी पंच अमित जायसवाल ने ग्रामीणों को इस बात को धमकाया भी कि जहां शिकायत करना है कर लो, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, भाजपा के जिला अध्यक्ष मेरे घर के हैं। अमूमन यह बात बार-बार कई घटनाओं में देखने सुनने को मिल रही है। अब आने वाले समय में इन घटनाओं का भारतीय जनता पार्टी और बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े पर क्या असर पड़ता है, यह देखने वाली बात होगी।

### मनरेगा के तहत समतलीकरण एवं डबरी निर्माण का कार्य जेसीबी से

घटती घटना ने शिकायत पत्र के अनुसार अपनी पड़ताल में पाया कि जिस भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, उस भूमि के नाम से पंचायत में पंच अमित जायसवाल जो कि भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया के खास रिश्तेदार बताये जा रहे हैं, जनके द्वारा डबरी निर्माण एवं भूमि समतलीकरण स्वीकृत कराया गया है। जिसका कार्य मनरेगा के तहत होना था। परंतु पूरा कार्य जेसीबी और ट्रैक्टर के माध्यम से संपन्न कराया जा रहा है। विडंबना यह है कि वर्तमान में जब सब कुछ ऑनलाइन है, और बगैर जियो टैग के और फोटो वीडियो के मनरेगा का कार्य संपन्न नहीं हो सकता, तब मनरेगा के तहत स्वीकृत समतलीकरण और डबरी निर्माण का यह कार्य मशीनों से कैसे संपन्न हो गया। निश्चित है कि इसमें रोजगार गारंटी का कार्य देख रहे रोजगार सहायक की भी भूमिका संदिग्ध है। क्योंकि बगैर उसके सहमति और संलिप्तता के बिना मनरेगा का कार्य मशीनों द्वारा संपन्न नहीं कराया जा सकता। यह पूरा मामला भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला और जांच के विषय का है। कि कैसे ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्य मशीनों द्वारा संपन्न कराए जा रहे हैं, और जिन ग्रामीणों को इन कार्यों के बदले रोजगार मिलना है, उनसे वंचित किया जा रहा है। पूरे मामले में अधिकारियों को संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

### शिकायतकर्ताओं में रजवार समाज के लोग सबसे ज्यादा,उन्ही के निस्तार की भूमि और शमशान पर हुआ अवैध कब्जा

उक्त पूरा मामला जिस ग्राम पंचायत से जुड़ा हुआ है, और जिस भूमि से संबंधित है, उस शासकीय भूमि का सबसे ज्यादा उपयोग ग्राम में निवासी रजवार समाज के लोग करते हैं। जो कई पीढियां से उक्त भूमि पर अपने समाज के शमशान होने का दावा कर रहे हैं, और दिये गए शिकायत पत्र में सबसे ज्यादा संख्या भी रजवार समाज के व्यक्तियों की ही है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि जिस भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है वह गोचर की, शासकीय निस्तार की, और उनके समाज के शमशान की भूमि है। एक और जहां बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक रजवार समाज के हैं, और पूरे ग्राम पंचायत में बैकुंठपुर के वर्तमान विधायक भैयालाल राजवाड़े जी को सदैव से समर्थन और बहुमत मिलते आया है। अब देखने वाली बात यह होगी की क्या वे अपने समाज के लोगों को ही न्याय दिला पाएंगे? अवैध कब्जे से रजवार समाज के शमशान की भूमि को मुक्त करा पाएंगे? या फिर तथाकथित भाजपाई का भाजपा जिला अध्यक्ष का रिश्तेदार होना भारी पड़ जाएगा?

## महाविद्यालय में रंगोली एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**- संवाददाता -**
**कोरबा,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में कमला नेहरू महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नारा लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप प्रभारी श्रीमती ज्योति दीवान के नेतृत्व में ईएलसी क्लब के सदस्य एवं सभी छात्र-छात्राओं ने उपरोक्त कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।



कमला नेहरू महाविद्यालय में विगत दिवस आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में कुमारी विनीता पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा प्रतीक यादव द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में सुभा महंत प्रथम स्थान, ममता बंजारे द्वितीय स्थान एवं पोस्टर प्रतियोगिता में विनीता पटेल प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान कुमारी गीता ने प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने बधाई दी एवं समस्त छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय गोपालपुर में विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान हेतु शपथ एवं मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संकल्प लिया गया तथा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। भारत स्काउट एवं गाइड आदिवासी कन्या आश्रम तुमान की छात्रा बुलबुल ने महिलाओं को हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

## सर्वेश्वरी एनीकट में नहाते समय गहरे पानी में चले गए किशोर को मीडियाकर्मी ने सूझबूझ से बचाया



**- संवाददाता -**
**कोरबा,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

जिले के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्तिथ सर्वेश्वरी एनीकट में दोस्तों के साथ नहाते समय एक किशोर गहरे पानी में चला गया,जिसे उसी एक दोस्त ने बामुश्किल एनीकट के किनारे तो ले आया,लेकिन हालत देख उसके भी हाथ पांव फूल गए।इस घटना की जानकारी उसके द्वारा एक मीडियाकर्मी को दिए जाने पर वह मीडियाकर्मी ने उसे गंभीर देख एनीकट से बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया । बताया जा रहा है कि कोरबा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कॉपरेटिव बैंक रोड में शमशुद्दीन हुसैन निवास करते हैं। उनका पुत्र मुनीर हुसैन दोस्तों के साथ घूमने के लिए हसदेव नदी पर बने सर्वेश्वरी एनीकट की ओर गया था। जहां उसके सभी दोस्त नहाने के लिए चले गए। उन्हे नहाते देख मुनीर भी पानी में उतर गया। वह गहरे पानी मे पहुंचते ही डूबने लगा। उस पर नजर पड़ते ही कुछ दोस्त भाग निकले, लेकिन एक दोस्त ने किसी तरह हिम्मत जुटाइ व मुनीर को खींचते हुए एनीकट के किनारे तक ले आया, तब तक मुनीर की हालत बिगड़ चुकी थी। ऐसे में घटनास्थल पर मौजूद किसी व्यक्ति ने मामले की जानकारी एसईसीएल में रहने वाले मीडियाकर्मी अतुल और उसके भाई को दी। अतुल बिना समय गंवाए मौके पर जा पहुंचा एवं अपनी जान की परवाह किए बिना नहर में छलांग लगा दी। उसने मौके पर मौजूद कुछ अन्य लोगों की मदद से किशोर को बाहर निकाला साथ ही उसके परिजनों को घटना से अवगत कराते हुए किशोर को अस्पताल पहुंचा दिया। निजी अस्पताल में घंटों चले इलाज के बाद किशोर को हायर ट्रीटमेंट के लिए रेफर कर दिया गया। जिसपर परिजनों ने तत्काल बिलासपुर के अपोलो चिकित्सालय में दाखिल कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है ।

## कुसमी पुलिस ने एक आरोपी से शराब तो दूसरे आरोपी से प्रतिबंधित इंजेक्शन दवाई बरामद किया,दोनों आरोपी हुए गिरफ्तार



**- संवाददाता -**
**कुसमी,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

नशीले पदार्थों के खिलाफ बलरामपुर पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने जिले के पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए है, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कुसमी पुलिस ने एक व्यक्ति से प्रतिबंधित दवाई इंजेक्शन तो दुसरे व्यक्ति से शराब जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, गौरतलब है कि मामले में पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अतरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैइया, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी इमानुवल लकड़ा के नेतृत्व में कुसमी थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल ने अवैध नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु मुखबिर लगाया हुआ था, इसी कड़ी में पुलिस को मुखबिर के जरिए सुचना मिली कि विवेक गुप्ता अपने पल्सर बाइक से प्रतिबंधित इंजेक्शन लेने कही बाहर गया है और वहां से आकर अपने कुम्हार पारा किराए के मकान से इंजेक्शन बेचेगा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम विवेक गुप्ता को पकड़ने के लिए उसके किराए के मकान के पास छुपकर निगरानी कर रही थी कि जैसे ही कुछ घंटे बीतने के बाद वह अपने मोटरसायकल से वह पहुंचा तो पुलिस टीम को देखकर वहा से भागने लगा फिर पुलिस टीम से उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया,और पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से प्रतिबंधित दवाई BUPRENORPHINE INJECTION TALGESIC 2 ML वाली- 19 नग एम्पूल व PHENIRAMINE MALEAT INJECTINO IP 10 एम.एल वाली वायल 21 नग बरामद हुआ आरोपी द्वारा उक्त दवाईयों के संबंध में वैध दस्तावेज नही होना बताने से उपरोक्त दवाईयों को एवं परिवहन में इस्तेमाल मोटर सायकल एवं मोबाइल को आरोपी से जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के धारा 21 (सी) का अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत् कार्यवाही करते हुये उसे गिरफ्तार किया , वही दुसरा मामला अवैध शराब से जुड़ा हुआ है,पुलिस ने जानकारी देकर बताया कि थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुसमी का मधुवन होटल संचालक अशोक गुप्ता बिक्री हेतु शराब लेने अपने मोटर सायकल से कहीं गया हुआ है जो कुछ देर बाद शराब लेकर वापस अपने होटल आयेगा इस सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर अपने अधिनस्थों को रेड कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया ,थाना प्रभारी के निर्देश पर थाना कुसमी के पुलिस टीम द्वारा मधुवन होटल के पास छुपकर उसके आने का इन्तजार टीम कर रही थी कि कुछ देर बाद अशोक गुप्ता अपने मोटर सायकल के हैण्डल मे एक थैला एवं टंकी के उपर एक बोरी लेकर अपने होटल के पास आया जिसको पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसके कब्जे मे रखे थैला की जांच करने पर उसमें 06 नग एक लीटर वाली प्लास्टिक बॉटल में 06 लीटर देशी महुआ शराब एवं बोरी में 19 नग 180 एम.एल. वाली मेगडोवेल्स नंबर-01 की शीशी में कुल 3.42 ली. अंग्रेजी शराब पुलिस ने बरामद किया। उक्त शराब के संबंध में वैध दस्तावेज नही होना बताने पर उपरोक्त शराब को एवं परिवहन में इस्तेमाल मोटर सायकल को आरोपी से जप्त कर आब. एक्ट की धारा 34 (2) का अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत् कार्यवाही करते हुये, गिरफ्तार किया गया । बहरहाल उक्त दोनों नशा संबंधित अलग अलग मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है ,कार्यवाही में थाना प्रभारी जीतेन्द्र जयसवाल, प्र.अ.274 दीपक बाड़ा, प्र.आर.595 प्रांजुल कश्यप, प्र.320 सुकेश एक्का, प्र.738 अमर मृथा, आर.एस. 430 कामेश्वर पैकरा, आर.906 आनंद बाखला एवं एम.एससी. आर.252 शबनम मिंज शामिल रहे।

## सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा की तिथियां घोषित

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,17 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तारीख सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 22, 23, 24, 25, 29 और 30 अप्रैल तथा 02 और 03 मई 2024 को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्रों बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन ऑनलाइन परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस बार से अग्निवीर ऑफिस असिस?टेंट/एसकेटी में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाइन परीक्षा सेंटर पर लिया जायेगा। प्राप्त जानकारी अनुसार उम्मीदवारों के डाउनलोड करने के लिए प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर अपलोड किए गए हैं।

**छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन परीक्षा केन्द्रों का विवरण** - बिलासपुर - आईओएन डिजिटल जोन आई डी जेड, लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, बोडरी, नियर हाई कोर्ट, बिलासपुर और चौकसी इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तुरी रोड लाल खदान, बिलासपुर रायपुर - आईओएन डिजिटल जोन आई डी जेड, पार्थिवी प्रो प्रोवाइन कमर्शियल काम्प्लेक्स, संत रविदास वार्ड नम्बर 70, सरोना, रायपुर और कलिंगा यूनिवर्सिटी, कोतनी नियर कैपिटल काम्प्लेक्स, नया रायपुर भिलाई (दुर्ग) - आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, ग्राउंड 2 एंड 3 फ्लोर, पार्थिवी कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट सिरसाकला, भिलाई नगर, रुंगटा इन्फोटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क्र0 /अ-02/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है है कि आवेदक अशोक दास बघेल आ0 रामप्रसाद जाति पनिका निवासी ग्राम बेलदगी तह0 लखनपुर,जिला सरगुजा द्वारा अपने राजस्व व आधिपत्य की ग्राम बेलदगी तह0 लखनपुर स्थीत भूमि खसरा क्र0 99/02, 102/2 रकबा क्रमशः 0.016, 0.024 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन के व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्र दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा0) उदयपुर

CMYK

## संक्षिप्त खेल समाचार

### केकेआर को लगा दोहरा झटका

#### कप्तान श्रेयस अय्यर पर बीसीसीआई ने लगाया इतने लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली,17 अप्रैल 2024।** कोलकाता नाइट राइडर्स को दोहरा झटका लगा है। पहले तो केकेआर टीम को रॉयल्स के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। इसके



बाद मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण कप्तान श्रेयस अय्यर पर बीसीसीआई ने 12 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। आईपीएल आयोजक ने एक बयान में लिखा कि, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 17 अप्रैल को ईडन गार्डन्स में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टाटा आईपीएल 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है।

# पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला आज

## लड़खड़ाती पंजाब किंग्स,मुंबई इंडियंस आईपीएल अभियान को पुनर्जीवित करने बेताब

**मुल्लांपुर,17 अप्रैल 2024।**पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और मुंबई इंडियंस (एमआई) इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से जीवित करने के लिए बेताब होंगे, जब गुरुवार को यहां निचले पायदान की दो टीमें आमने-सामने होंगी। छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच केवल कुछ दशमलव अंकों का अंतर है, पंजाब का नेट रन रेट -0.218 से थोड़ा बेहतर है, जिससे वह आईपीएल अंक तालिका में मुंबई इंडियंस (-0.234) से एक ऊपर सातवें स्थान पर है।

पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच हारे हैं और अपने-अपने पिछले मुकाबलों में हार का सामना कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि दोनों खेमों पर एकजुट होकर काम करने का दबाव होगा।पंजाब के लिए, अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती नियमित कप्तान धवन के कंधे की चोट के कारण सात से 10 दिनों के लिए बाहर होने के कारण बढ़ गई है।इस सीज़न में पीबीकेएस के लिए एकमात्र उज्ज्वल स्थान उनके गुमनाम भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा का दृढ़ प्रदर्शन है, जो दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्हें एक से अधिक बार शीर्ष पर कमियों को पूरा करना पड़ा है।

प्रभसिमरन सिंह का फॉर्म-छह मैचों में 19.83 की औसत से 119 रन - चिंता का विषय है और भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा के लिए भी यही कहा जा सकता है।विश्व कप टीम के लिए चयन निकट आने के साथ, जितेश, जो छह मैचों में 17.66 की औसत से मात्र 106 रन बना सके हैं, भी उत्साहित होंगे। पीबीकेएस को सैम कुरेन (126 रन और 8 विकेट) और कैगिसो रबाडा (9) की अपनी विदेशी गेंदबाजी जोड़ी के लिए अधिक समर्थन ढूंढना होगा। अर्शदीप सिंह (9) और हर्षल पटेल (7) की भारतीय जोड़ी बल्लेबाजों के लिए आसान शिकार रही है। मुंबई इंडियंस




को पता होगा कि उनके पास स्थिति को पलटने के लिए पर्याप्त मारक क्षमता है, लेकिन निरंतर आधार पर सामूहिक प्रयास समय की मांग है। दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो जीत से उनकी तीन मैचों की हार का क्रम समाप्त हो गया, लेकिन रोहित शर्मा के शतक के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स से हार का मतलब है कि पांच बार के विजेता ने उन्हें ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया है।इसकी शुरुआत हार्दिक पंड्या की फॉर्म और टीम में भूमिका से होती है। ऑलराउंडर ने गेंदबाजी विभाग में जिम्मेदारी साझा करने की कोशिश की है, लेकिन उनकी 12 की इकॉनमी रेट चिंताजनक है। इसी पैरामीटर पर, गेराल्ड कोएत्ज़ी (9) और अनकैप्ड आकाश मधवाल (4) ने प्रति ओवर 10 से अधिक रन दिए हैं।बल्ले से, पंड्या ने पहले बल्लेबाजी करते हुए या बाद के हाफ में मैच खत्म करते हुए कोई मजबूती प्रदान नहीं की है।

साथ ही, पंड्या ने इस सीज़न में अब तक खेले सभी खेलों में विभिन्न स्टेडियमों में प्रतिकूल वातावरण का सामना किया है, जिसका किसी खिलाड़ी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।इस प्रकार रोहित और इशान किशन का फॉर्म मुंबई इंडियंस के लिए महत्वपूर्ण हो गया है, जिसके लिए सूर्यकुमार यादव ने मिश्रित परिणाम दिए हैं।

**टीमें**

**पंजाब किंग्सः-** शिखर धवन उ, मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइड, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विदवथ कवरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसौव।

**मुंबई इंडियंसः-** हार्दिक पंड्या उ, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रित बुमरा, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

# एम्बाप्पे के गोल से पीएसजी चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

**बार्सिलोना,17 अप्रैल 2024।** किलियन एम्बाप्पे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन ने मंगलवार रात एस्टाडी ओलम्पिक लुलिस में एफसी बार्सिलोना पर 4-1 से दूसरे चरण की रोमांचक जीत (कुल मिलाकर 6-4) के बाद यूईएफए चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी घरेलू हार और दो गोल से पिछड़ने के बाद उबर गया क्योंकि एम्बाप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदल दिया और 4-1 से दूसरे चरण की जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।



पेरिसियों ने चुनौतीपूर्ण शुरुआत करते हुए मैच का पहला गोल खा लिया, जब रफिन्हा ने 12वें मिनट में गोल करके स्कोर 1-0 और कुल स्कोर 4-2 कर दिया। रोनाल्ड अराउजो ने लुइस एनरिक और उनकी टीम को पहले हाफ के बीच में जीवनदान दिया। अराउजो को सीधे लाल कार्ड मिला, जिससे बार्सिलोना को मैच के अधिकांश समय में दस खिलाड़ियों के साथ रहना पड़ा। लीग 1 की रिपोर्ट के अनुसार, पीएसजी ने स्थिति का फायदा उठाया और 40वें मिनट में ओस्मान डेम्बेले ने गोल करके मैच को 1-1 से बराबर कर दिया, जिससे कुल स्कोर 4-3 हो गया। दूसरे हाफ में, पीएसजी ने एक अतिरिक्त खिलाड़ी के साथ खेलने का फायदा उठाते हुए मुकाबले को पलट दिया। वितिन्हा ने 54वें मिनट में गोल करके कुल स्कोर 4-4 कर दिया और लीग 1 टीम ने मैच में 2-1 की बढ़त बना ली। डेम्बेले ने फिर से अपनी पूर्व टीम को परेशान किया क्योंकि 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिसियों के लिए पेनल्टी किक जीती। एम्बाप्पे ने 64वें मिनट में मौके को भुनाकर पीएसजी को मुकाबले में 3-1 की बढ़त और कुल स्कोर पर 5-4 की बढ़त दिला दी।



# टी 20 विश्व कप तक बांग्लादेश के स्पिन कोच होंगे मुश्ताक अहमद

**ढाका,17 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान के पूर्व लेगस्पिनर मुश्ताक अहमद इस साल टी20 विश्व कप तक बांग्लादेश के स्पिन-गेंदबाजी कोच होंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को घोषणा की कि मुश्ताक अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ टीम की टी20 सीरीज से पहले तैयारी शिविर के लिए ढाका आएंगे।मुश्ताक अहमद ने बीसीबी के हवाले से कहा, स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में बांग्लादेश क्रिकेट टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। मैं इस भूमिका के लिए उत्सुक हूं और अपने अनुभव को खिलाड़ियों तक पहुंचाना चाहता हूं क्योंकि वे बहुत प्रशिक्षित हैं और मैं हमेशा मानता हूं कि वे सबसे खतरनाक टीमों में से एक हैं। वे किसी को भी हरा सकते हैं क्योंकि उनके पास क्षमता, संसाधन हैं और प्रतिभा है। मैं टीम के साथ काम करने के अवसर से बहुत उत्साहित हूं।

# पैरा तीरंदाज में शीतल ने खेलो इंडिया राष्ट्रीय मीट में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता



**नई दिल्ली,17 अप्रैल 2024।** एशियाई पैरा खेलों की गोल्ड विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं। डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है।

शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, ''इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।'' एकता को स्वर्ण पदक जीतने के लिए 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिली जबकि शीतल को 40 हजार रुपये मिले। टूर्नामेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब जूनियर रिकर्व तथा कंपाउंड वर्ग में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 87 तीरंदाजों ने भाग लिया।



# हनुमान के बाद अब पैन-इंडिया फिल्म से धमाका करेंगे तेजा सज्जा

अभिनेता तेजा सज्जा ने इस साल जनवरी में आई फिल्म हनुमान से दुनियाभर में नाम कमाया है। इस फिल्म के सीक्वल का भी एलान हो चुका है और काम चल रहा है। इस बीच तेजा सज्जा की अगली फिल्म को लेकर रोचक जानकारी सामने आई है।फिल्म हनुमान से बॉक्स ऑफिस पर बवाल काटने वाले तेजा सज्जा की अगली फिल्म पर दर्शकों की नजरें टिकी हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह हनुमान के सीक्वल में नजर आएंगे। हालांकि, हनुमान के सीक्वल से पहले उनके पास एक फिल्म है। इसका निर्देशन कार्तिक गट्टमनेनी कर रहे हैं। इससे पहले वह तेजा की फिल्म ईगलका निर्देशन कर चुके हैं। इस फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। टाइटल और फर्स्ट लुक का खुलासा 18 अप्रैल को किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का नाम मिराई रखा गया है, जिसका मतलब होता है भविष्य। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीज उत्साह कायम करने के लिए एक प्री-लुक पोस्टर जारी किया गया है।इस फिल्म में तेजा के साथ रितिका सिंह फीमेल लीड रोल में होंगी। मांचू मनोज फिल्म में नेगेटिव रोल में होंगे। इस फिल्म को विश्व प्रसाद प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# रोमांटिक लव स्टोरी प्यार के दो नाम का पोस्टर हुआ रिलीज

आगामी रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म प्यार के दो नाम का पोस्टर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। पोस्टर में एक युवा जोड़े को एक दूसरे के साथ देखा जा सकता है, दोनों ने सूट पहना हुआ और फौरेन का बैकग्राउंड नजर आ रहा है। दोनों के चेहरे पर प्यार और खुशी झलक रही है। यह फिल्म विजय गोयल और दानिश जावेद द्वारा निर्मित और शहाब अल्लाहाबादी द्वारा सह-निर्मित है। फिल्म में भाव्य सचदेवा,अंकिता साहू,अंचल तंवर, कनिका गौतम और रिनी आर्या मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म से सामने आए पोस्टर में एक्टर भव्य सचदेवा और एक्ट्रेस अंकिता साहू को एक हरियाली भरे गार्डन में एक चेयर के पीछे खड़े होते हुए देखा जा रहा है। एक्ट्रेस ने पिंक और




लवेंडर कलर को टच करता हुआ एक पैंट-सूट पहना हुआ तो वहीं, एक्टर ने सी-ग्रीन थ्री पीस सूट में दिख रहे हैं। एक्ट्रेस के हाथ में देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और एक्टर के हाथ में दुनियाभर को शांति का संदेश देने वाले दिग्गज नेल्सन मंडेला की किताब में है। इस फिल्म में अंजन भट्टाचार्य और शब्बीर अहमद का म्यूजिक होगा। फिल्म के गाने ने दानिश जावेद और वसीम बरेलवी ने लिखे हैं. फिल्म आगामी 3 मई को रिलीज होगी।

# प्राइम वीडियो ने किया यंग एडल्ट ऑरिजिनल सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा का ऐलान

प्राइम वीडियो ने अपनी मचअवेटेड वेब सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा के प्रीमियर की तारीख का ऐलान कर दिया है। इस वेब सीरीज में लीड रोल में एक्ट्रेस अनुष्का सेन हैं। जबरदस्त पोस्टर के साथ इस वेब सीरीज की रिलीज डेट फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा रही है। ये वेब सीरीज आपको एक युवा लड़की, अस्मारा की दुनिया में ले जाएगी। उसकी सुकून भरी गर्मियों की छुट्टी में उस वक्त एक अनचाहा मोड़ सामने आता है, जब उसे सजा के तौर पर उसके नाना -नानी के पड़ोस में भेज दिया जाता है। अपने दोस्तों के बीच दिखावे को बनाए रखने के लिए वह कनाडा में होने का नाटक करती है। इस वेब सरीज में आपको अस्मारा की कहानी के कई पहलुओं को दिखाया जाएगा। जो अपना वजूद ढूंढने के सफर पर निकलती है। परिवार के रिश्तों को प्यार से संजोती है, सच्ची दोस्ती बनाती है और टिब्बरी रोड की लुभावनी गलियों में पहले




प्यार के जादुई एहसास का अनुभव करती हैं। दिल को छू लेने वाली इस सीरीज की कहानी पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित और अंदलीब वाजिद द्वारा लिखी गई किताब अस्मारा ज़ समर से प्रेरित है, जिसमें टेन इयर्स यंगर प्रोडक्शंस के बैनर तले सीमा महापात्रा और जहांआरा भार्गव क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम किया है। डेब्बी राव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज को अनुराधा तिवारी, बग्स भार्गव कृष्णा, राघव दत्त और मंजिरी पुपाला ने लिखा है.इस वेब सीरीज में अनुष्का सेन, कुश जोतवानी, तन्वी आजमी, शिशिर शर्मा, श्रुति सेठ, विशाखा पांडे, रेवती पिल्लई, एलिशा मेयर और सुहासिनी मुले अहम भूमिकाओं में हैं। 25 अप्रैल ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम इन पर भारत और दुनिया भर के 240 देशों एवं क्षेत्रों में सिर्फ प्राइम वीडियो पर दिल दोस्ती डिलेमा का प्रीमियर हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में होगा।

# फिल्मों में आने से पहले सक्सेसफुल सिंगर थे फेमस एक्टर डैनी डेन्जोंगपा

डैनी डेन्जोंगपा का असली नाम शेरिंग फिंटसो डेन्जोंगपा है। डैनी एक फेमस एक्टर हैं, उन्होंने बॉलीवुड को कई सुपरहिट फिल्में दी हैं।



बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर रहे डैनी डेन्जोंगपा का नाम आज भी लोगों को एक बेहतरीन एक्टर के रूप में याद है। डैनी ने इंडस्ट्री में पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक काम किया है। अपने इस लंबे करियर में उन्होंने कई किरदार निभाए और एक से बढ़कर एक फिल्में की। उन्होंने अपनी एक्टिंग से यह साबित कर दिया कि वे इंडस्ट्री के शानदार कलाकारों में से एक हैं। डैनी का जन्म 25 फरवरी 1948 को सिक्किम में हुआ था। उनके गहरे व्यक्तित्व और भारी आवाज ने उन्हें खूब पॉपुलैरिटी दिलाई। जब भी वे स्क्रीन पर आते थे, दर्शकों का दिल जीत लेते थे। आज हम आपको डैनी से जुड़े दिलचस्प किस्से बताने जा रहे हैं, जो बहुत कम लोग जानते हैं। डैनी डेन्जोंगपा का असली नाम शेरिंग फिंटसो डेन्जोंगपा है। डैनी एक फेमस एक्टर हैं, उन्होंने बॉलीवुड को कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। डैनी ने अपनी अदाकारी से इंडस्ट्री में एक अलग ही जगह बनाई है। बता दें कि डैनी डेन्जोंगपा सिक्किम के सुरम्य पहाड़ी शहर गंगटोक से हैं।

वे भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र से बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने वाले अभिनेताओं में से एक माने जाते हैं। काफी कम लोग ये जानते हैं कि फिल्मों में आने से पहले डैनी एक शानदार गायक के रूप में अपना करियर बना रहे थे। एक्टिंग में आने से पहले वे अपनी गायकी से काफी लोकप्रिय हो चुके थे।इसके बाद उन्होंने फिल्म 'जरूरत' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। फिर उन्होंने एक के बाद एक कई सुपरहिट फिल्में की। उनकी एक्टिंग ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। हिंदी फिल्में ही नहीं, बल्कि वे नेपाली, तेलुगु और बंगाली समेत कई क्षेत्रीय फिल्मों में काम कर चुके हैं।

एक एक्टर के रूप में उन्होंने कई किरदार निभाए, लेकिन उन्हें सबसे ज्यादा फेम विलेन के रोल से ही मिली। नेगेटिव रोल में उनकी बेहतरीन एक्टिंग को दर्शकों से खूब सराहना मिली है। उन्होंने अपने करियर में कई बड़े फिल्म निर्माताओं के साथ काम किया। सिंगिंग और एक्टिंग के अलावा डैनी एक चित्रकार भी थे।

भारतीय सिनेमा में अपने योगदान के लिए डैनी डेन्जोंगपा को कई पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इतना ही नहीं, भारत के चौथे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म श्री सहित कई अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।



# जीनत अमान और मुमताज की लिव इन रिलेशनशिप लड़ाई में कूदीं सायरा बानो

### शादी के बिना साथ रहने पर रखी अपनी राय

जीनत अमान की लिव इन रिलेशनशिप पर की गई बात खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में इस मुद्दे पर मुमताज ने अपनी राय रखी थी। हालांकि, उनका बयान विवादित हो गया था। अब लिव इन रिलेशनशिप की इस बहस पर सायरा बानो ने रिएक्ट किया है। जीनत अमान गुजरे दौर की बोल्ड एक्ट्रेस में गिनी जाती हैं। एक्ट्रेस इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। फिल्म दुनिया से जुड़े अब तक कई अनसुने किस्सों पर अभिनेत्री बात कर चुकी हैं। वहीं, हाल ही में उन्होंने बिना शादी के साथ रहने यानी लिव इन रिलेशनशिप पर अपनी राय रखी।

जीनत अमान ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिव इन रिलेशनशिप को लेकर कहा था कि शादी करने के पहले कपल्स को लिव इन में जरूर रहना चाहिए। अभिनेत्री की इस मॉडर्न सोच पर उनके यंग फैंस ने खूब वाहवाही की थी। हालांकि, ये मजा कुछ देर में ही किरकिरा हो गया थी, क्योंकि मुमताज ने उनकी निजी जिंदगी को लेकर कमेंट कर दिया था। आइए जानते हैं इस बहस पर अब सायरा बानो ने क्या कहा।

लिव इन रिलेशनशिप पर जीनत अमान और मुमताज की बस पर बात करते हुए सायरा बानो ने कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ पता नहीं है। बातचीत में उन्होंने कहा,मैं ज्यादा इस बारे में नहीं पढ़ रहा हूं और मैं सच में वो फॉलो नहीं कर रहीं हूं, जो वो (मुमताज और जीनत) कह रही हूं, लेकिन हम बहुत पुराने जमाने के लोग हैं। हमारा ट्रेंड 40-50 साल पहले का है। लिव इन की बात से मैं तो सहमत नहीं हो सकती। मैं कभी भी इस तरह के लिव-इन रिलेशनशिप की वकालत नहीं करूंगा। ये मेरे लिए सोच के परे है और मैं इसे नहीं एक्सेप्ट कर सकती।

जीनत अमान के लिव इन रिलेशनशिप वाले पोस्ट पर मुमताज ने भी अपनी राय रखी। जूम के साथ बातचीत में उन्होंने कहा था कि रिलेशनशिप पर राय देने वाली जीनत अमान आखिरी इंसान होनी चाहिए, क्योंकि मजहर खान के साथ उनकी अपनी शादी नर्क से कम नहीं थी।

मुमताज के बयान पर जीनत अमान ने भी पलटवार किया था। मुमताज का उनकी पर्सनली लाइफ पर बात करना अभिनेत्री को पसंद नहीं आया। जवाब देते हुए जीनत अमान ने कहा, हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है। मैं कभी उन लोगों में शामिल नहीं रही, जो दूसरों की पर्सनल लाइफ पर कमेंट करते हैं या फिर अपने साथ काम करने वालों को नीचा दिखाते हैं और मैं इसे अब भी नहीं शुरू करने जा रही हूं।




# पहले चरण के मतदान के लिए बस्तर में थम गया चुनावी शोर

**बस्तर लोकसभा क्षेत्र में थम गया है आज से चुनाव शोर ...कल डाले जाएंगे वोट वहां...बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए तय किया गया.अलग-अलग मतदान का समय... मतदान के लिए वोटर आईडी है जरुरी...यदि किसी के पास मतदाता फोटो पहचान पत्र नहीं है तो वे 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकते हैं मतदान ...**

» अब मतदान की बारी

» बस्तर में कल होगी वोटिंग

**रायपुर,17 अप्रैल 2024(ए)।** बस्तर संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों का काम पूरा हो गया है। जनता को अपने पाले में करने के लिए उन्हें जो- जो वादे और घोषणाएं करनी थी कर चुके, अब जनता की बारी है। बस्तर संसदीय क्षेत्र में आज (17 अप्रैल) से चुनावी शोर थम गया है। वहां 19 को मतदान होगा। इससे पहले 18 तारीख को प्रत्याशी केवल घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकते हैं।
इधर, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट,दंतेवाड़ा,बीजापुर एवं कोंटा में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।




## फोटोयुक्त वोटर आईडी नहीं है तो इन दस्तावेजों कर कर सकते हैं उपयोग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# बस्तर पुलिस ने कहा 3 महीने में 71 नक्सलियों को किया ढेर

### 30 से ज्यादा आधुनिक हथियार बरामद

**कांकेर,17 अप्रैल 2024(ए)।** प्रदेश में पुलिस की नक्सलियों से अब तक की सबसे बड़ी मुठभेड़ के बाद बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने इस पूरे अभियान के बारे में जानकारी दी। उनके साथ कांकेर एसपी समेत बीएसएफ के अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे।
सुंदरराज पी. ने बताया कि इस साल उन्हें नक्सल मोर्चे पर कई बड़ी सफलता हाथ लगी हैं। जिसमें सबसे बड़ी सफलता कल यानि मंगलवार को मिली हैं। कांकेर के छोटा बेठिया के माड़ इलाके में उन्होंने 29 नक्सलियों को मार गिराने में कामयाबी पाई हैं। इस मुठभेड़ में 25 लाख का इनामी नक्सली शंकर राव और दस लाख रूपये की इनामी महिला नक्सली ललिता भी मारी गई है। इस एनकाउंटर में पुलिस को कोई क्षति नहीं हुई, यह उनकी बड़ी उपलब्धि हैं।



**जब्त हथियारों की लगाई प्रदर्शनी**
पीसी के दौरान पुलिस ने कल के मुठभेड़ के बाद बरामद हथियारों और सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई। इनमें कई अत्याधुनिक हथियार शामिल हैं। इसके अलावा नक्सलियों के रसद और दवाइयां तथा दैनिक जरुरत की कई सामग्रियां शामिल हैं।

### मारे गए ज्यादातर नक्सली वर्दीधारी

सुंदरराज पी ने दावा किया कि बीते तीन महीनों के भीतर बस्तर में जवानों ने 71 नक्सलियों को मार गिराया हैं, इनमें जयादातर वर्दीधारी नक्सली शामिल रहे हैं। पुलिस ने तीस से ज्यादा अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किये हैं। इनमें एलएमजी, एके 47, इंसास और कई दूसरे हथियार भी शामिल हैं। फिलहाल सभी नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई हैं, इसकी प्रक्रिया चल रही है।

## मुठभेड़ के बाद बौखलाए नक्सली, पर्चे चस्पाकर प्रचार न करने की दी चेतावनी, नक्सलियों के पर्चे से ग्रामीणों में दहशत

नक्सलियों ने चेरपाल में पर्चे चस्पा कर चुनाव प्रचार न करने की चेतावनी दी है । पर्चा चस्पा कर नक्सलियों ने कहा कि प्रचार करने वालों को मौत की सजा दी जाएगी। जिले में बीती रात हुई मुठभेड़ के बाद अब नक्सली बौखला गए हैं। जानकारी मुताबिक नक्सलियों द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार न करने को लेकर बीजेपी नेताओं को चेतावनी दी गई है। हाल ही में दंतेवाड़ा से जानकारी मिली कि नक्सलियों द्वारा बीजेपी नेताओं को चेतावनी दी गई है। बीजेपी नेताओं को चेतावनी देकर कहा गया है कि बीजेपी नेता चुनाव प्रचार न करें। बता दें कि यह मामला दंतेवाड़ा बारसूर थाना इलाके का है। जहां नक्सलियों के इस पर्चे के बाद से ग्रामीण दहशत में आ गए हैं। वहीं बीजेपी नेताओं के लिए अब मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है।

## नक्सली मुठभेड़ पर अपने बयान से पलटे छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल

» पहले एनकांउटर पर उठाए थे सवाल

» पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कांकेर मुठभेड़ पर उठाए सवाल

» पूर्व सीएम बोले, भाजपा शासनकाल में होते हैं फर्जी एनकाउंटर

**रायपुर,17 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने दिए बयान से पलट गए हैं। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, मैं जवानों को बहुत बधाई देता हूं। वे बहुत बहादुरी से लड़े और बड़ी सफलता हासिल की है। लगातार हमारे शासन काल में नक्सलियों के मांद में घुसकर जो हमला करने की नीति रही है उसका ये परिणाम है। कोई हताहत नहीं हुआ है केवल 3 जवान घायल हुए हैं। 29 नक्सलियों की मौत बड़ी खबर है।



इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर नक्सली मुठभेड़ पर सवाल उठाए थे। पूर्व सीएम बघेल ने इस मुठभेड़ को फर्जी बताया था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा शासनकाल में नक्सलियों का फर्जी एनकाउंटर होता है। अभी चार महीनों में ऐसे मामलों में वृद्धि हुई है। पुलिस द्वारा बस्तर में भोले भाले आदिवासियों को डराया जाता है। उन्होंने कहा कि कवर्धा जिले में पुलिस द्वारा आदिवासियों को डराया धमकाया जा रहा है और गिरफ्तार करने की धमकी दी जा रही है।

### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को सीएम साय ने दिया जवाब

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कांकेर में नक्के सली एनकाउंटर को फर्जी बताए जाने पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, हर चीज में इनको प्रश्न चिन्ह खड़ा नहीं करना चाहिए। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक को भी उन्होंने काल्पनिक कहा। यह घटना तो उनके ही प्रदेश की है, कैसे सवाल उठा सकते हैं। यह घटना किसी भी तरह से फर्जी है तो उसको प्रमाणित करें।
नक्के सल मुठभेड़ पर पूर्व सीएम बघेल के बयान पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने पलटवार किया है। उन्‍ होंने कहा, भूपेश बघेल जी कांकेर के एनकाउंटर को फर्जी बता रहे मैं चैलेंज करता हूं आप साबित करके दिखाइए और नहीं साबित कर सकते तो माफी मांगिए जवानों से, बस्तर फाइटर्स से और नहीं तो जनता माफ नही करेगी आपको, हर विषय में राजनीति ठीक नहीं।
मुठभेड़ पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने का कहना है, बस्तर के आदिवासी इलाकों में माताएं-बहनें जंगल जाने में असुरक्षित महसूस कर रही हैं। सड़कें सुरक्षित नहीं हैं और फर्जी मुठभेड़ बढ़ गई है। नकली नक्सली के नाम पर उनके खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। जब से ये सरकार आई है, बस्तर के आदिवासी कहीं न कहीं चिंतित और डरे हुए हैं।

### पूर्व सीएम बघेल का बड़ा बयान, कहा- जिस तेजी से बंद हुई गोबर खरीदी क्या उस तेजी से बंद होगा ?

लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के बीच राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जितनी तेजी के साथ प्रदेश में गोबर खरीदी को घोटाला बताकर भाजपा ने इस पर काम बंद किया। क्या उसी तेजी के साथ महादेव सट्टा ऐप को भी बंद किया जाएगा।
भूपेश बघेल ने आगे कहा कि भाजपा के लोग गली-गली में मेरे ऊपर गोबर घोटाला का आरोप लगाते हुए घूम रहे हैं। बघेल ने सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि अगर हमने घोटाला किया है तो सत्ता उनके हाथ में है, घोटाले की जांच कराएं और दोषी को सजा दें। उन्होंने कहा कि यह लोग कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शराब घोटाला, चावल घोटाला, महादेव सट्टा ऐप जैसे आरोप लगा रहे थे। अब तो सत्ता इनके हाथ में आ गई है फिर क्यों इस तरह के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने से बच रहे हैं।
पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एक बार फिर से ईवीएम मशीन पर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि कांग्रेस शासनकाल में हमने नगरीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर से काराया था। उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर से चुनाव ही सबसे आसान और निष्पक्ष तरीका होता है। यह तरीका इतना आसान होता है कि चुनाव में अनपढ़ आदमी भी इसे देखकर समझ सकता है। वहीं दूसरी तरफ यह ईवीएम मशीन को बड़े से बड़े पढ़े-लिखे लोग भी नहीं समझ पाते हैं। लेकिन भाजपा इस आसान तरीके से चुनाव नहीं कराना चाहती है।

## अमित शाह ने नक्सलवाद के खिलाफ फिर दिए सख्ती के संकेत



### खात्मे की डेडलाइन तय

**रायपुर,17 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 नक्सली मार गिराए गए। इस ऑपरेशन में तीन जवान भी घायल हो गए। इस ऑपरेशन को पुलिस बल, स्पेशल टॉस्क फोर्स और बीएसएफ के जवानों ने अंजाम दिया।इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एकबार फिर नक्सलवाद के खिलाफ सख्ती बरते जाने के संकेत दिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा- छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के ऑपरेशन में बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए हैं। इस ऑपरेशन को अपनी जांबाजी से सफल बनाने में शामिल सुरक्षा बल के जवानों को बधाई देता हूं। ऑपरेशन को अंजाम देने में जो वीर जवान घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। नक्सलवाद विकास, शांति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम देश को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने के लिए संकल्पित हैं।अमित शाह ने आगे लिखा- सरकार की आक्रामक नीति और सुरक्षा बलों के प्रयासों के कारण मौजूदा वक्त में नक्सलवाद सिमट कर एक छोटे से क्षेत्र में रह गया है। जल्द छत्तीसगढ़ और पूरा देश नक्सलवाद से मुक्त होगा।

## नक्सलियों ने की बीजेपी नेता की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

### बैनर पोस्टर पर 'टारगेट' कई नेताओं के नाम



**नारायणपुर,17 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सलियों ने बीजेपी नेता की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। बीजेपी नेता गांव का उपसरपंच भी था और उनका नाम पंचमदास था। घटना फरसगांव थाना क्षेत्र की है।जानकारी के मुताबिक, फरसगांव के दंडवन गांव निवासी पंचमदास मंगलवार 16 अप्रैल की रात अपने घर पर ही थे। इस दौरान कुछ नक्सली उसके घर आये। दरवाजा खटखटाए नहीं खोलने पर नक्सलियों ने दरवाजा तोड़ दिया। नक्सलियों ने घर के अंदर घुसकर ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हत्या के बाद पर्ची छोड़ नक्सली मौके से फरार हो गए।

# जो नेत्रियां अपमान की बात कर रही है उन्हें पद-प्रतिष्ठा किसने दी:राधिका खेड़ा

» राधिका खेड़ा ने कहा कि रामनवमीं के दिन तो झूठ नहीं बोलना चाहिए

» कांग्रेस से,भाजपा में आई नेत्रियों ने की प्रेस वार्ता कहा

» जो कांग्रेस महिलाओ को 5 साल में 500 रु न दे सकी वो आज बड़ी बड़ी घोषणाएं कर रही है:वाणी राव

» कांग्रेस की घोषणाएं,महिलाओ के साथ भद्दा मजाक,महिलाओ को बेवकूफ न समझे कांग्रेस

» कहा कांग्रेस महिला विरोधी,5 साल महिलाओ को केवल धोखा दिया,500 रु देने का वादा भी पूरा नहीं किया

» कांग्रेस का ट्रैक रिकार्ड केवल महिलाओ को छलने का एक परिवार को 20 सिलेंडर देने का वादा था नही दिया

**रायपुर,17 अप्रैल 2024(ए)।** बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय सचिव व महासमुंद की पूर्व नपा अध्यक्ष अनिता रावटे, महासमुंद की जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल और अरुणा शुक्ला ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कदम-कदम पर महिलाओं के साथ छल और विश्वासघात कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। महिलाओं के लिए जितने भी वादे किए, एक भी वादा पूरा नहीं किया और जो 500 रु महिलाओ को नहीं दे पाए आज बड़ी बड़ी घोषणाएं कर रहे है कांग्रेस एक बार फिर महिलाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है। महिला नेत्रियों श्रीमती राव, श्रीमती रावटे, श्रीमती पटेल व श्रीमती शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस कांग्रेस की भूपेश सरकार ने महिलाओं को 500 और 1,000 रुपए देने का वादा करके एक रुपया तक पूरे पाँच साल के शासनकाल में नहीं दिया, वह कांग्रेस अब देशभर की महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने की बात किस मुँह से कर रही है? कांग्रेस देश को यह बताए कि महिलाओं को 50 लाख करोड़ रुपए सालाना वह कैसे देगी, जबकि देश का कुल बजट ही इतनी राशि का होता है। भारतीय जनता पार्टी के एकात्म परिसर स्थित कार्यालय में बुधवार को आहूत पत्रकार वार्ता में भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में जब गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया, तभी मन में आ गया था कि इस पार्टी में नहीं रहना है। कांग्रेस ने गंगाजल की सौगंध लेकर प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था, पर कांग्रेस की भूपेश सरकार को ही शराब की लत लग गई। शराबबंदी के नाम पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने वाली कांग्रेस की सरकार ने उसमें दो हजार करोड़ रुपए का घोटाला तक कर डाला। कांग्रेस ने महतारी सम्मान योजना के तहत प्रतिमाह 500 रुपए और विधवा व वृद्ध महिलाओं को 1,000 रुपए देने का वादा किया था लेकिन पाँच साल में एक रुपया तक महिलाओं को नहीं दिया गया। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि इससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है कि कांग्रेस ने महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ करने तथा महिला स्व-सहायता समूहों को धोखाधड़ी से बचाने एवं आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु सख्त नियम बनाने की बात कही थी लेकिन उन समूहों का कर्ज माफ तो किया नहीं, उल्टे रेडी टू ईट योजना का काम छीनकर इस कार्य में लगी महिलाओं को रातोरात बेरोजगार कर दिया। प्रदेश में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कांग्रेस सरकार ने भुगतान नहीं किया और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को भी सही ढंग से नहीं बेचा। भाजपा नेत्रियों श्रीमती राव, श्रीमती रावटे, श्रीमती पटेल व श्रीमती शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से पालन कराने और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गम्भीरता से लेकर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी और वादा किया था कि प्रत्येक थाने में एक महिला सेल स्थापित किया जाएगा जिसमें महिला अपराधों से सम्बन्धित स्वतंत्र जाँच की जाएगी। लेकिन कांग्रेस के पूरे पाँच साल के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अनाचार, दुर्व्यवहार और हिंसा होती रही और कांग्रेस की सरकार आँखें मूंदे बैठी रही, कांग्रेस के नेता जुमलेबाजी और अवांछनीय बयानबाजी करते रहे। कांग्रेस की सरकार ने है हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 4 सिलेंडर मुफ्त देने की बात कही थी कुल 20 सिलेंडर दिए जाने थे लेकिन किसी को कुछ नही मिला।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)